''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, | अंक 130 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रूपए | रविवार, 11 मई 2025 | samachargate@gmail.com






# राज्यव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की उच्च स्तरीय बैठक

## जनता को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर इमरजेंसी रिस्पांस और एहतियाती उपायों को मजबूत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए

### मुख्यमंत्री की अपील– नागरिक फर्जी खबरों से रहें सतर्क, केवल सत्यापित जानकारी पर ही करें भरोसा



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। सिर्फ एहतियात के तौर पर कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार जन सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य में खाद्य सामग्री, दवाइयां, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है, इसलिए नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। सरकार हर स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री वर्तमान हालातों के मद्देनजर शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों सहित प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक कर प्रदेश में नागरिक सुरक्षा अभ्यास की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए इमरजेंसी रिस्पॉन्स और एहतियाती उपायों को मजबूत करना तथा आपात स्थिति या आपदाओं के मामले में प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की है कि वे संयम बरतें, खाद्य सामग्री की जमाखोरी से बचें और केवल सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार के साथ जनभागीदारी को जोड़ें, ताकि वे सेवाभाव से सरकार का सहयोग कर सके। इसके लिए एक विशेष पोर्टल विकसित किया जाए, जिस पर नागरिक और भूतपूर्व सैनिक वॉलिंटियर्स के तौर पर अपना पंजीकरण करवा सकें, ताकि आपात स्थिति में वे अपने कौशल के अनुसार जैसे, ड्राइवर, डॉक्टर या अन्य विशेषज्ञता के अनुसार अपनी सेवाएं दे सकें।

**सोशल मीडिया पर रखी जाए सख्त निगरानी**

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को रोकने हेतु सभी उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय पत्रकारों व सोशल मीडिया चैनल चलाने वाले व्यक्तियों के साथ बैठक करें और उनसे गलत या फर्जी खबरें न फैलाने की अपील करें। उन्होंने कहा कि भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनता के लिए जारी की जाने वाली सभी सूचनाओं और समाचारों को सत्यापित करके ही जारी किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में आपात स्थिति में संपर्क करने हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं और एक जिम्मेदारी अधिकारी या कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए और उसका नंबर भी साझा किया जाए, ताकि नागरिक आपात स्थिति में उन नंबरों पर कॉल या मैसेज करके जानकारी दे सके। इसके अलावा, प्रदेशभर में संचालित 560 सरकारी और 600 निजी एंबुलेंस की भी मैपिंग की जाए ताकि वे जल्द से जल्द समय में घटनास्थल पर पहुंच सकें। साथ ही, 5,000 से अधिक आबादी वाले गांवों में पंचायतों के सहयोग से एंबुलेंस सेवा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) को सक्रिय किया जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष तैयारी की जाए और निजी व सेवानिवृत्त चिकित्सा विशेषज्ञों को भी चिह्नित किया जाए।

**ऊंची बिल्डिंगों में ब्लैकआउट के दौरान वैकलपिक व्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ब्लैकआउट की स्थिति में ऊंची बिलडिंगों में वैकलपिक व्यवस्था की जाए, ताकि इनमें बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए लिफ्ट चालू रहे। इसके अलावा, फायर ब्रिगेड वाहनों की भी मैपिंग की जाए और प्रयास किया जाए कि प्रत्येक कस्बे में एक फायर ब्रिगेड की तैनाती हो। साथ ही, पानी की निर्बाध आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट के दौरान पुलिस गश्त जारी रहे और सार्वजनिक स्थलों व आवासीय क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति बनी रहे, जिससे जनता के बीच विश्वास बना रहे और लोग अनावश्यक रूप से घबराएं नहीं।

**जिला प्रशासन रहे सतर्क : मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सभी उपायुक्तों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे फील्ड कार्यालयों को भारत सरकार की एडवाइजरी की तर्ज पर दिशा–निर्देश जारी करें। शांति–व्यवस्था बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि उपायुक्त आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि सभी एहतियाती कदम संतुलित तरीके से उठाए जाएं और जिला प्रशासन सतर्क रहे तथा जन विश्वास कायम रखने के लिए समन्वय से काम करें, ताकि अनावश्यक रूप से भय की स्थिति उत्पन्न न हो सके।

**आपदा तैयारी सुनिश्चित करें : राजेश खुल्लर**

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर ने कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से बैठक कर जिले में स्थिति की समीक्षा करें और आपदा प्रबंधन अधिनियम के नियमों और जिले की आपदा कार्य योजना को सावधानीपूर्वक लागू करें। उन्होंने कहा कि जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारियों के माध्यम से मीडिया को पुख्ता जानकारी ही दी जाए, ताकि जनता तक सही सूचना ही पहुंचे और किसी भी गलत जानकारी की वजह से भय की स्थिति पैदा न हो।

**2437 जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय : डॉ. सुमिता मिश्रा**

गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने मुख्यमंत्री को आपदा प्रबंधन के तहत आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने के लिए उठाए गए व्यापक कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों (डीडीएमए) को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 के अनुसार शक्तियों और कार्यों को निष्पादित करने व घटना प्रतिक्रिया प्रणाली को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। आपातकालीन कार्य योजनाएं तैयार की गई हैं, जिसमें आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और आश्रय स्थलों की पहचान करना, स्कूलों व सामुदायिक भवनों में अस्थायी रूप से शेल्टर की व्यवस्था की ड्रिल करना शामिल है। इसके अलावा, जिला कंट्रोल रूम को अंतर–एजेंसी समन्वय प्रोटोकॉल और चेतावनी सायरन के प्रावधानों के साथ 24 घंटे एक्टिव रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग सहित संबंधित विभागों के प्रशासनिक सचिव उपस्थित रहे।

# हरियाणा में आपातकालीन तैयारियों को लेकर राज्य नागरिक सलाहकार समिति की बैठक

## मुख्य सचिव ने दिए विभागों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

### गलत सूचनाओं के प्रसार पर नकेल कसने पर जोर



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**चंडीगढ़।** आपातकाल, खास तौर पर हमले या आपदा के दौरान जान–माल की सुरक्षा और आवश्यक सेवाओं के लिए नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत और समनवित बनाने के उद्देश्य से, राज्य नागरिक सलाहकार एवं कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक आज यहां मुख्य सचिव और समिति के अध्यक्ष श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई। मुख्य सचिव ने सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए कि वे इस समय छुट्टी पर गए अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत वापस बुलाएं। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए अग्रिम और आकस्मिक योजनाएं भी तैयार रखें। उन्होंने कहा कि विभाग कम समय में आवश्यक उपाय लागू करने के लिए खुद को तैयार रखें। आपात स्थितियों के दौरान समन्वय बढ़ाने के लिए उप–सचिव (सचिवालय स्थापना) की देखरेख में राज्य सचिवालय में एक युद्ध आपातकालीन शाखा स्थापित की जाएगी।

गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, जो समिति की उपाध्यक्ष भी हैं, ने सोशल मीडिया पर चल रही फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के दृष्टिगत सख्त प्रवर्तन उपायों की आवश्यकता जताई। उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल और निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी सामग्री की प्रभावी रूप से निगरानी की जानी चाहिए और गलत सूचना फैलाने वाले सभी खातों को ट्रैक और बंद किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है और स्टॉकिस्टों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केंद्र और राज्य सरकार के पोर्टलों पर वास्तविक समय के आधार पर अपनी सूची अपलोड करें।

डॉ. मिश्रा ने सभी प्रशासनिक सचिवों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उनके विभाग आपातकालीन प्रतिक्रिया से जुड़ी तमाम आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हों। उन्होंने निर्देश दिए कि हर विभाग उप–सचिव या समकक्ष स्तर का एक ड्यूटी अधिकारी नामित करे। यह अधिकारी विभाग की प्रतिक्रिया के समन्वय तथा राज्य और केंद्र सरकारों से सभी तरह के संचार के लिए जिम्मेदार होगा। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने नामित अधिकारियों का संपर्क विवरण आज शाम तक मुख्य सचिव कार्यालय में जमा करवाएं। बैठक में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, सिंचाई और जल संसाधन, ऊर्जा, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले तथा उच्च शिक्षा विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों ने भाग लिया। उद्योग और स्कूल शिक्षा विभागों के प्रधान सचिव के अलावा विकास और पंचायत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, शहरी स्थानीय निकाय तथा सूचना, जनसंपर्क और भाषा विभाग के आयुक्त और सचिव भी बैठक में मौजूद थे।

# पंचकूला में रविवार को निकलेगी तिरंगा यात्रा, एक यात्रा-देशभक्ति के नाम

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे यात्रा की अगुवाई

### सभी दल व वर्ग के लोग बढ़–चढ़ कर लें भाग और देश के सैनिकों के प्रति प्रकट करें अपना सम्मान



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** देशभक्ति के संदेश के साथ सशस्त्र बलों के सम्मान में पंचकूला में रविवार को एक यात्रा–देशभक्ति के नाम (तिरंगा यात्रा) का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इस यात्रा की अगुवाई करेंगे। यात्रा में हजारों लोगों की भागीदारी होगी।

इस आयोजन को लेकर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग ने आज पंचकूला के जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और यात्रा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

श्री के. मकरंद पांडुरंग ने जनता से आग्रह किया कि इस यात्रा में सभी दल व वर्ग के लोग बढ़–चढ़ कर भाग लें और देश के सैनिकों के प्रति अपना सम्मान प्रकट करें। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पंचकूला के सेक्टर–5 स्थित यवनिका टाउन पार्क के ओपन थियेटर से प्रारंभ होकर मेजर सांखला चौक पर सम्पन्न होगी। यहां पर बने स्मारक पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य अतिथि माल्यार्पण करेंगे।

इस अवसर पर विशेष अधिकारी (कम्युनिटी पुलिसिंग एवं आउटरीच) आईजी श्री पंकज नैन, पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता सहित विभिन्न विभागों व शिक्षण संस्थानों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वतन्त्रता सेनानी स्व. सुखराम की धर्मपत्नी शांति देवी का निधन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** जिला के गांव मोकलवास में आज आजाद हिन्द फ़ौज से जुड़े स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुखराम की धर्मपत्नी शांति देवी का 92 वर्ष की आयु ने निधन हो गया। उनका अनतिम संस्कार गांव मोकलवास में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। शानति देवी के पति स्व. सुखराम नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की अगुवाई में आज़ाद हिंद फौज़ में, अंग्रेजों की सेना की सेवा को छोड़ कर आज़ाद हिंद फौज़ में शामिल हुए थे। उन्होंने देश को आज़ाद कराने में अहम योगदान दिया था। शांति देवी के परिवार में तीन लड़के व तीन लड़कियां हैं। और तीन पोते व चार पोतियां है। जिला प्रशासन की ओर से महेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार मानेसर ने पुष्प चक्र चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। हरियाणा पुलिस की तरफ से राजबीर सिंह ए एस आई की अगुवाई में स्वतंत्रता सेनानी की धर्मपत्नी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा अमित चौकी इंचार्ज जमालपुर ने पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति गुरुग्राम की तरफ से कपूर सिंह दलाल अध्यक्ष व सुबेदार बिजेंद्र सिंह ठाकरान महासचिव ने पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। शांति देवी के अनतिम संस्कार में गांव व आसपास के सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# हमें और पूरे देश के लोगों को भारतीय सेनाओं पर गर्व है : विनोद नागर



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** इनेलो के जिला अध्यक्ष विनोद नागर ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल और बॉर्डर पर युद्ध जैसे हालात पर कहा कि हमारे देश की सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा अपने अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए बेहद सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की है और पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया है कि वो इसे सदा याद रखेगा। इससे पहले की लड़ाइयों में भी हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर विजय प्राप्त की थी। भारतीय सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय सेनाएं हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। हमें और पूरे देश के लोगों को भारतीय सेनाओं पर गर्व है। इनेलो पार्टी ऐसे मौके पर भारत सरकार के निर्णयों के साथ है। उन्होंने सूचना देते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालातों के चलते हमने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा और प्रदेश महासचिव प्रताप सिंह (पूर्व एचसीएस) के निर्देश अनुसार सभी राजनीतिक कार्यक्रमों को आगे स्थिति बहाल होने तक स्थगित कर दिया है। आगे जैसे ही हालात सामान्य होंगे तो इनेलो पार्टी दोबारा से लोगों के हकों के लिए लड़ाई लडनी जारी रखेगी।







# 'सोशल मीडिया पर सेना का मनोबल मत गिराएं युवा'

## सीएम योगी ने कहा: पीएम मोदी का सिद्धांत, नेशन फर्स्ट, लखनऊ में टीचर्स का सम्मान किया

**लखनऊ ।** गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित सीएमएस स्कूल में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना से जोड़ना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त किया। कहा- जब युवाओं के भीतर राष्ट्र के प्रति श्रद्धा का अभाव होता है, तभी देश विरोधी विचार पनपते हैं। सोशल मीडिया पर सेना के मनोबल को कमजोर करने वाले पोस्ट भी करते हैं। शिक्षकों का उत्तरदायित्व है कि वह न केवल ज्ञान दें, बल्कि छात्रों में देशभक्ति और नैतिकता भी रोपें। युवा सोशल मीडिया पर सेना का मनोबल न गिराएं। उन्होंने कहा- हम अक्सर शिक्षा को अंकों तक सीमित कर देते हैं, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य जीवन निर्माण है। एक ऐसा जीवन जो देश के लिए उपयोगी हो, समाज के लिए प्रेरणा हो। जब हम शिक्षा को संस्कारों और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ते हैं, तभी विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। सीएम योगी ने शिक्षकों को नेशन फर्स्ट के मूलमंत्र पर काम करने की सीख दी। उन्होंने कहा- शिक्षक ही भावी पीढ़ी का निर्माण करता है। यदि उसने नेशन फर्स्ट का लक्ष्य मानकर काम नही किया तो देश कभी विकसित और आत्मनिर्भर नहीं बन



पाएगा। उन्होंने कहा- कि 70 वर्ष पूर्व डॉ. जगदीश गांधी और डॉक्टर भारती गांधी ने सीमित संसाधनों के बावजूद महान उद्देश्य को लेकर इस संस्थान की नींव रखी। जब वे लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र थे, तब न तो उनके पास कोई संसाधन था, न ही कोई विशेष व्यवस्था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और राजधानी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का सपना देखा। सीएम योगी ने देश की वैदिक परंपराओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा वैदिक उद्घोष माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः रहा है। यह वही भावना है, जिसे डॉ. गांधी ने 'जय जगत' के रूप में प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी भावना को ह्यनेशन फर्स्टह्न के सिद्धांत में दोहरा रहे हैं। हमें भी इसी सिद्धांत के साथ जीवन के हर क्षेत्र में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने उक्रउए बोर्ड के 12वीं और 10वीं के टॉपर्स समेत खएए मेन टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित भी किया। टॉपर को 1 लाख की सम्मान राशि दी गई। इस दौरान सीएमएस संस्थापिका भारती गांधी, सीएमएस की प्रबंधक प्रो. गीता गांधी, सीएमएस की प्रेसिडेंट डॉ. रोजर किंगडम, कोषाध्यक्ष विनय गांधी, पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने बेहतरीन डांस प्रस्तुतियों से शमां बांध दिया। सीएम योगी और पेरेंट्स ने स्टूडेंट्स की डांस प्रस्तुतियों की सराहना की। उट योगी ने कहा- पीएम मोदी भी यही कहते हैं कि हम सभी के लिए नेशन फर्स्ट पहला लक्ष्य और मंत्र होना चाहिए। ये काम सिर्फ देश के नेतृत्व, सेना के जवानों और प्रशासनिक अफसर का ही नहीं है। शिक्षकों के लिए भी होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा- उटर बेहतरीन शिक्षण संस्थान है। उन्होंने कहा- याद रखना। सफलता इस बात निर्भर करती है कि आपने शुरूआत कैसे की है। नेक नियति से शुरूआत करने पर परिणाम भी सुखद रहते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स और पेरेंट्स शामिल हुए है।

# प्रत्येक मृतक आश्रित को सपा आज देगी राहत चेक

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** हाटा के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पूर्व में नारायनपुर चरगहा निवासी का भुजौली के पास में हुए मार्ग दुर्घटना में पांच मद्धेशिया युवकों और एक यादव परिवार के युवक सहित कुल छह लोगों का दर्दनाक मौत हो गई थी। जिले में आये राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संवेदना व्यक्त करते हुए मदद के लिए सभी मृतक आश्रितों का बैंक एकाउंट नम्बर और आधार कार्ड पार्टी कार्यालय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। रविवार को पार्टी के पदाधिकारी और पूर्व मंत्री



राधेश्याम सिंह मृतकों के परिजनों को पचास - पचास हजार रूपए का चेक सौंपेंगे। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कथनी- करनी में फर्क नहीं पड़ता है। विपक्ष में रहकर भी लोगों के संवेदना व्यक्त करते हुए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा मृतकों के परिजनों को यह मदद करना एक ऐतिहासिक कदम है ।

# पौधे धरती का श्रृंगार और धरती का आधार: प्रो. गौरव तिवारी

संवाददाता

**कुशीनगर।** मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भलुही मदारीपट्टी में पौध रोपण कर बच्चों व अतिथियों को घर पर अपनी माँ के साथ लगाने हेतु पौधा भेंट किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ0 प्रतिभा तिवारी का जन्मोत्सव भी मनाया गया। डॉ0 प्रतिभा ने सभी आगंतुकों का स्वागत व आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ0 गौरव



तिवारी ने कहा कि मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर अपनी अपनी माताओं के प्रति संवेदनशील होने के साथ धरती माता के लिए संकल्पशील होने की आवश्यकता है। पौधे धरती का श्रृंगार तो हैं ही हमारे जीवन का आधार भी हैं। इसलिए इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपनी मां के साथ पौधे लगाने की प्रेरणा देना बहुत सुखद है। बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 निगम मौर्य ने कहा कि गर्मी के इस महीने में पौधों का महत्व ज्यादा समझ में आता है।कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व विद्यालय के बच्चों के साथ बैठक कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर घर पर पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया गया था। इस क्रम में बच्चों को पौधा वितरित किया गया और वे इसे अपनी माँ के साथ लगाएंगे और जिस प्रकार माँ हमारा ध्यान रखती हैं उसी प्रकार बच्चे अपनी माँ और धरती माँ के लिए इस पौधे का ध्यान रखेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल, डॉ0 सौरभ द्विवेदी, हरीन्द्र चौरसिया, कृष्णमोहन, अभिषांक शर्मा, ममता कश्यप, रंजीत पटेल, सुदर्शन, सुमित्रा देवी, रमावती देवी आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजमंगल पांडेय की मनाई गयी जयंती




संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री स्व. राजमंगल पाण्डेय की जयंती फाजिलनगर और सपहा में समारोह पूर्वक मनाई गई। लोगों ने उन्हें स्मरण किया। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद और स्व. पाण्डेय के सुपुत्र राजेश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय ने आए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की उनके पिता एक न्यायप्रिय व्यक्तित्व के साथ श्रेष्ठ प्रशासक थे। तत्कालीन देवरिया और कुशीनगर जिला के नागरिकों के सम्मान की रक्षा के साथ 30 हजार परिवारों के आजीविका की व्यवस्था की जिस कारण आज लाखों लोग प्रतिष्ठित जीवन जी रहे हैं। इस दौरान एड प्रभुनाथ मिश्रा, एडवोकेट पंचानंद मिश्रा, नीतीश यादव सहित आदि मौजूद थे।

# वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या: जिलाधिकारी

संवाददाता

**देवरिया।** महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी मेडिकल कॉलेज, देवरिया में वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों और उनके बचाव पर आधारित सतत चिकित्सा शिक्षा (उटए) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक चिकित्सकों, विशेषज्ञों और मेडिकल छात्रों ने भाग लेकर वायु प्रदूषण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है, जिससे हर व्यक्ति प्रभावित हो सकता है। इसके प्रभाव से बचने और प्रदूषण को कम करने के लिए सभी को जागरूक होना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी पर भी जोर दिया।



मुख्य सत्र में लंग केयर फाउंडेशन के संस्थापक एवं ट्रस्टी तथा डॉ. बी. सी. रॉय पुरस्कार विजेता डॉ. अरविंद कुमार ने वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। वहीं, प्रबंधन सलाहकार एवं लेखक डॉ. राजीव खुराना ने चुनौतीपूर्ण मामलों के प्रबंधन एवं उपलब्ध आधुनिक उपचार विधियों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल और डॉ. अनुराग शुक्ला ने सभी विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वायु प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दोहराई।इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सकों में डॉ. एच. के. मिश्रा (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, डॉ. इकबाल अहमद, डॉ. जमाल हैदर, डॉ. जयंत राय, डॉ. मृतुंजय पांडेय, डॉ. अरुणेश, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. आर. श्रीवास्तव, डॉ. जफर अनीस, डॉ. प्रकाश कुमार, डॉ. पवन त्रिवेदी, डॉ. सरफराज सिद्दीकी, डॉ. सुमित चौधरी, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. संजीव अग्रवाल, डॉ. बरेस नागरथ, डॉ. स्वेता सिंह, डॉ. प्रियंका राय, डॉ. पूनम बाला, डॉ. सुरुचि, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. विकास मित्तल और डॉ. सौरभ बरनवाल सहित कई चिकित्सकों की उपस्थिति रही।

# गुजरात के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय ने डॉ. प्रदीप मिश्रा को किया सम्मानित

संवाददाता

-------------

भाटपार रानी, देवरिया। क्षेत्र के ग्राम जोगऊर निवासी डॉ०प्रदीप मिश्रा पुत्र श्री ध्रुव नारायण मिश्र, जो गुजरात के मेहसाणा जिले में स्थित सांकल चन्द पटेल विश्वविद्यालय में प्रबंधन संकाय में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं, को सांकल चन्द पटेल विश्वविद्यालय के 9 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया, जिसमें उनको प्रशस्तिपत्र के साथ 51 हजार रूपए नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। डॉ प्रदीप मिश्र की यह महती उपलब्धि भाटपार रानी क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है, जिन्होंने ग्रामीण अंचल से निकल कर अपनी योग्यता का सफल प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र के शिक्षाविद डॉ०पवन कुमार राय,



डॉ०शरद मिश्र, सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं। इस उपलब्धि के लिए डॉ० प्रदीप ने अपने माता पिता सहित समस्त परिवार के सदस्यों तथा गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। डॉ० प्रदीप द्वारा लिखित एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं जो भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयो में पढ़ाई जाती हैं।

# थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत की जा रही जनसुनवाई

संवाददाता

**देवरिया।** शनिवार को जनपद देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क



सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया।इसी क्रम में जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर द्वारा थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना कोतवाली पर कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये । इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 138 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 30 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

# सपा कार्यकत्ताओं का पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

बरहज, देवरिया। बरहज के देवरिया बाईपास पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन देवरिया पीडब्ल्यूडी विभाग में कथित 6 करोड़ 8 लाख 20 हजार रुपए के होने वाले घोटाले को लेकर किया गया। प्रदर्शनकारियों ने दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई हैं।सपा के जिला उपाध्यक्ष एन.पी. यादव और वरिष्ठ नेता




विजय रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में जनप्रतिनिधियों की शह पर अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच तालमेल की कमी के चलते यह भ्रष्टाचार सामने आया है, जिससे जनपदवासियों में गहरा आक्रोश है।समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं और हर विभाग में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो समाजवादी पार्टी का युवा मोर्चा बड़ा आंदोलन करेगा।प्रदर्शन में यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मनोज यादव, इमामुद्दीन खान, विकास, मुन्ना, सुनील, तारकेश्वर, सुरेश राजभर, अनिल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गन्ने की 40% उपज कम कर देता है खरपतवार: ओमप्रकाश गुप्ता

संवाददाता

**कुशीनगर।** कुशीनगर की मिट्टी और जलवायु गन्ने की खेती के लिए उपयुक्त है आवश्कता है वैधानिक ढंग से गन्ने की खेती करने की ट्रेन्चे विधि से गन्ना बुवाई, पेड़ी गन्ने की वैज्ञानिक तथा समय से गन्ना फसल को हानिक नुक्सान पहुंचाने वाले खरपतवारो घास को नियंतण करने की की यदि समप से खरपतवारों का नियंत्रण नहीं किया गया तो गन्ने की 40% उपज कम कर देता है। ये बातें उ० प्र० गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र - पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक, ओमप्रकाश गुप्ता ने ढाढा चीनी मिल परिसर के ग्राम हरपुर सोनवरसा- कोनालिस प्रकाश गुप्ता ने कोनवलिया में आयोजित गन्ना विकास गोष्ठी में किसानों को सम्बोधित करते हुए। हीं। बताया कि इस समय गन्ना खेत में मोथा, बथूआ, मकोय, आदि खरपतवार देखा जा रहा, किसान गन्ने के खेत में जो भी उर्वरक खाद प्रयोग करते हैं उसका 4 गुना नाईट्रोजन, 3 गुना



'फास्फोरस, 2.5 गुना पोटाश खुरपतवार उपयोग करते हैं, पेड़ी गन्ना फसल में किसान समय से गुड़ाई, सिंचाई, उर्वरक नहीं करते हैं।

पूछे जाने पर पूर्व सहायक निर्देशक गुप्ता ने बताया कि लगातार एक खेत में गन्ना न बोये, फसल चक्र अपनाये, गर्मी में जुताई, गुड़ाई करे, उड़द मूंग ढैचा बोए गन्ने की सूखी पत्तिया बिछा दे। विशेष दशा में किसी खरपतवार नाशक, रसायन सिंचाई के बाद जैसे रक्षक मात्रा 115 मिली., 500 ग्राम, एट्राज़ीन को 150 लीटर पानी में घोलकर छींड़काव करें एक एकड़ खेत में, गन्ना बोने के 50 से 120 दिनो तक गत्रा फसल को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाता है।

ढाढा चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष श्री करन सिंह ने कहा कि गन्ने की दो लाईन के बीच खाली स्थानों की गुड़ाई के लिए गन्ना यंत्र अनुदान पर किसानों को दे रही है चीनी मिल। गन्ना फसल में लगने वाले कीटो के नियंतण के लिए कीटनाशक का छिड़काव करा रही है चीनी मिल, गन्ने की उत्पादन लागत को कम करने, श्रमिकों की समस्या को दूर करने, बीज गन्ना की बचत करने, खरपतवारों से बचाव आदि के लिए मिल परिक्षेत में कई लाख गन्ने का पौध तैयार कर, रोपाई कराया गया है। उप महा प्रबंधक गन्ना डी.डी. सिंह, गन्ना प्रबंधक रामदेव शर्मा ने माथमुडिया कीट नियंतण के उपाय बताए। गोष्ठी में श्री रामकुमार राय, त्रिभुवन, अरविंद राय, मुकेश राय, जनार्दन पाल आदि कृषक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### भारतीय संस्कृति सहिष्णुता, विश्व बंधुत्व और करुणा की पोषक : डॉ राकेश सिंह

संवाददाता



**कुशीनगर।** संस्कृति विभाग यूपी/राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर के तत्वावधान में म्यांमार मंदिर कुशीनगर में आयोजित पांच दिवसीय भारतीय संस्कृति अभिरुचि पाठ्यक्रम के चौथे दिन बच्चों को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. राकेश सिंह, प्रोफेसर इतिहास बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने कहा कि डॉ राकेश सिंह ने सम्राट अशोक के द्वारा प्रतिपादित धर्म (धम्म) सिद्धांत और वेद पुराण उपनिषद में वर्णित संस्कृति का तुलनात्मक व्याख्या करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति जन कल्याण - (बहु कयाने) सहिष्णुता, विश्व बंधुत्व और करुणा की पोषक रही है. उन्होने 600 ईसा पूर्व की समाज और संस्कृति पर भी विस्तार से चर्चा की और बताया की लोकतान्त्रिक प्राणली का जनक भारत ही है। विशिष्ट वक्ता डॉ. अजय मिश्रा, प्रोफेसर इतिहास, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संचालन तेज प्रताप शुक्ल व अतिथियों के प्रति आभार राजकीय बौद्ध संग्रहालय के तरुण शुक्ला ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संग्रहालय के दिनेश दुबे, धीरेंद्र मिश्रा, बेग, ललित, भंते नंदका, भंते उपाली, भंते यशपाल व अन्य भिक्षुगण भी उपस्थित रहे।

### हमीरपुर में महाराणा प्रताप जयंती पर निकल रहे जुलूस में हुये बवाल में नौ नामजद सहित अज्ञातों के खिलाफ मामला दर्ज

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मौदहा क्षेत्र के सिजवाही में 9 मई 2025 को महाराणा प्रताप जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस में डीजे पर बज रहे गाने का विरोध करने के बाद गाँव वालों और जुलूस में शामिल



लोगों के बीच हुये पथराव के मामले में पुलिस ने मातादीन पुत्र मांगी निवासी ग्राम सिजवाही मौदहा, हमीरपुर से मिली तहरीर के मुताबिक मुकदमा अपराध संख्या 161/2025 धारा 191(2)/115(2)/ 324(4) /352/125 बीएनएस व 3(2) VA U 3(1)द/ध SC/ST के तहत सार्थक सिंह उर्फ शनी सिंह, सौरभ सिंह पुत्र रंगबहादुर, रामू पुत्र हरिशरण सिंह, रामजी पुत्र अज्ञात, राहुल सिहं पुत्र अज्ञात, रवि पुत्र धीर सिंह, विकास पुत्र ज्ञान सिंह, भूरा पुत्र रामसिंह, कुन्नू पुत्र फूल सिंह सहित नौ नामजद के साथ ही कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला हुआ दर्ज, जबकि पुलिस आरोपियों की तलाश के साथ ही मामले की जांच में भी जुटी है।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ फाजिलनगर में संस्थापक सदस्यों की स्मृति पटल का 12 मई को होगा अनावरण

संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर में गायत्री प्रज्ञा पीठ में आगामी 12 मई, दिन सोमवार को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के दौरान पीठ के संस्थापक सदस्यों की स्मृति पटल का श्रद्धालुओं और गायत्री परिवार के कार्यकताओं की उपस्थिति में अनावरण किया जाएगा। समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति के अनुसार, स्मृति पटल पर उन सभी संस्थापक सदस्यों के नाम और योगदान का उल्लेख किया गया है, जिन्होंने गायत्री प्रज्ञा पीठ की स्थापना एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गायत्री परिवार के स्थानीय संयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रेरक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति की संभावना है।

### रोजगार मेले का हुआ आयोजन

संवाददाता

**भटनी, देवरिया।** देववली सिंह में प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी स्टेलांटिस द्वारा रोजगार मेला (कैम्पस चयन) आयोजित किया गया। चयन प्रक्रिया में विभिन्न शासकीय एवं निजी आई.टी.आई. संस्थानों के लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 21 छात्रों का चयन हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रबंधक विनय सिंह, प्रधानाचार्य प्रविन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी नारायण सिंह तथा अनुदेशक अमित दीक्षित उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य प्रविन्द्र सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान न केवल तकनीकी शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि छात्रों को रोजगार दिलाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि यहां से उत्तीर्ण एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों को 20,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण (अप्रेंटिसशिप) के अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

### महिला के कमरे में अंडरवियर व बनियान पर पकड़ा गया सिपाही निलंबित

संवाददाता

**तरकुलवा देवरिया।** चार दिन पहले महिला के कमरे में अंडरवियर व बनियान पर पकड़े गए यूपी 112 के सिपाही को एसपी विक्रांत वीर ने निलंबित कर दिया है। साथ ही इसकी जांच सीओ भाटपाररानी एसपी सिंह को सौंपी गई है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक की पत्नी अपनी दो बेटियों को पढ़ाने की बात कह कर देवरिया में किराये का कमरा लेकर रहती है। जबकि पति को वह कमरा नहीं दिखाई थी। कुछ अंदेशा होने पर पति महिला का कमरा ढूढते हुए चार दिन पहले अचानक पहुंच गया और कमरे का फाटक खुलवाया तो अवाक रह गया।कमरे में यूपी 112 में तैनात सिपाही अर्जुन गुप्ता अंडरवियर व बनियान पर लेटा हुआ था। एसपी ने मामले की जांच सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी को सौंपी थी। जांच के बाद सीओ सिटी ने अपनी रिपोर्ट एसपी को दे दी। रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी ने सिपाही अर्जुन गुप्ता को निलंबित कर दिया है।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख के बेटे समेत तीन के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई

संवाददाता

**सलेमपुर,देवरिया।** एसपी विक्रांत वीर के निर्देश पर पुलिस ने सलेमपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख के बेटे समेत तीन के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई कर दी। अब पुलिस इनकी निगरानी भी करेगी। भटनी पुलिस ने नोनापार निवासी शिरीश तिवारी के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जबकि सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने सलेमपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश सिंह मंटू के बेटे प्रशांत सिंह पर भी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके अलावा बभनौली पांडेय निवासी व पूर्व चौकीदार अरविंद कुशवाहा पुत्र रामप्रीत कुशवाहा के विरुद्ध भी पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# संपादकीय

## युद्ध में बनी कॅरियर की संभावना

पहलगाम में पर्यटकों की नृशंस हत्या करने के बदले में भारत की पाकिस्तान पर स्ट्राइक की सफलता की जानकारी देने वाली भारतीय सुरक्षा बलों की दो महिला सैन्य अधिकारियों ने देश में महिलाओं के विपरीत हालात के बीच महिला सशिक्तकरण का सशक्त उदाहरण पेश किया है। देश भर में चर्चित लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने साबित कर दिया कि महिलाएं अदम्य साहस के साथ किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। निश्चित तौर पर युद्ध जैसी स्थिति के दौरान इन दोनों सैन्य अधिकारियों ने जिस शानदार तरीके से स्ट्राइक का विवरण पेश किया, उससे न सिर्फ महिलाओं में उत्साह का संचार होगा बल्कि हर मुश्किल हालात से निपटने के लिए साहस का उद्गम होगा।



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

पुणे में साल 2016 में आसियान प्लस देशों का बहुराष्ट्रीय फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास फोर्स 18 में 40 सैनिकों की भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व सिग्नल कोर की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी ने किया था। कुरैशी को बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भारतीय सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अधिकारी बनने का दुर्लभ गौरव हासिल हुआ। गुजरात निवासी सैन्य परिवार से आने वाली सोफिया कुरैशी साल 1999 में 17 साल की उम्र में शॉर्ट सर्विस कमीशन के ज़रिए भारतीय सेना में आई थीं। उन्होंने छह साल तक संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में भी काम किया। इसमें साल 2006 में कॉन्गो में एक उल्लेखनीय कार्यकाल शामिल है। उस वक्त उनकी प्रमुख भूमिका शांति अभियान में ट्रेनिंग संबंधित योगदान देने की थी। सोफिया कुरेशी के अलावा ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी की ब्रीफिंग देने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह दूसरी चर्चित अधिकारी थीं। व्योमिका सिंह भारतीय वायु सेना में हेलीकॉप्टर पायलट हैं। उनके नाम का मतलब ही आसमान से जोडने. वाला है। नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की कैडेट रही व्योमिका सिंह ने इंजीनियरिंग की। उन्हें साल 2019 में भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग ब्रांच में पायलट के तौर पर परमानेंट कमीशन मिला। व्योमिका सिंह ने 2500 घंटों से ज्यादा उड़ान भरी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत में मुश्किल हालात में चेतक और चीता जैसे हेलीकॉप्टर उड़ाए हैं। उन्होंने कई बचाव अभियान में भी अहम भूमिका निभाई है। इनमें से एक ऑपरेशन अरुणाचल प्रदेश में नवंबर 2020 हुआ था। इन दोनों महिला सैन्य अधिकारियों ने जिस आत्मविश्वास और दृढ़ता से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गाथा पेश कि वह न सिर्फ देशवासियों के दिल-दिमाग में अमिट रहेगी बल्कि तमाम बाधाओं के बावजूद महिलाओं में आगे बढने. की ललक कायम रखेगी। इनके जज्बे ने साबित कर दिया कि महिलाऐ देश में हर क्षेत्र में तरक्की का परचम लहरा रही हैं, चाहे वह क्षेत्र सैन्य जैसा चुनौतीपूर्ण और साहसिक क्षेत्र ही क्यों न हो। देश में महिला सशिक्तकरण की दिशा में इन दोनों महिलाओं का प्रदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। महिलाओं के सपने पूरा करने में मदद करेगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं का अग्रणी प्रदर्शन विकसित बनने की दिशा में अग्रसर भारत की नई तस्वीर पेश करता है।

## कनीना में आज मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** श्रीगौड ब्राहृमण सभा कनीना द्वारा आज रविवार, 11 मई को गाहडा रोड स्थित एक समारोह स्थल में भगवान परशुराम जन्मोत्व मनाया जायेगा। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा करेगें जबकि मुख्यातिथि हरियाणा सरकार के खेल एवं युवा सशक्तिकरण मंत्री गौरव गोतम होगें। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में गुरूग्राम के विधायक मुकेश शर्मा व जितेंद्र भारद्वाज गुरूग्राम उपस्थित होगें। सभा के प्रधान डॉ रविंद्र कौशिक ने बताया कि समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह में मंहत लक्ष्मणगिरी गौशाला बूचावास के संचालक महाराज विट्ठलगिरी सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में गौड सभा नारनौल के प्रधान राकेश मेहता, प्रख्यात कवि डॉ मोहनमनीषी, अश्वनी शर्मा, विनित शर्मा, डॉ मनीष शर्मा, अमित मिश्रा, मोहन शर्मा उपस्थित रहेगें। समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## कनीना में बारिश से तापमान में गिरावट

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना में बीती देर सांय बादलों की गर्जना एंव तेज हवा के बीच हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम खराब होने से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली सप्लाई गुल हो गई। 5 एमएम बारिश होने से एयर क्वालिटी में सुधार हुआ है वहीं तपती गर्मी से राहत मिली है। तेज हवा के चलते बिजली के खंभे गिर गए वहीं पेड टूट गए लेकिन किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

## दो दिवसीय कुश्ती का आयोजन 25 से 27 तक दुधौला पलवल में



समाचार गेट/संजय शर्मा

**पलवल।** दो दिवसीय नेशनल रैसलिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी दूधोला पलवल में 25 मई से 27 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को दूधौला के पूर्व सरपंच सुंदर पहलवान एवं रविंद्र दलाल ने उनके कार्यालय पर पहुंच कर उन्हें निमंत्रण दिया। इस चैंपियनशिप में सब जूनियर अंडर-17 बॉयज फ्री स्टाइल एवं ग्रीको रोमन स्टाइल एंड गर्ल्स फ्री स्टाइल कुश्तियां आयोजित की जाएंगी।

# आरती राव के प्रयासों से 27 करोड़ की लागत से अटेली विस की सडकें होगीं चकाचक

### मुख्य सडक मार्गों सहित लिंक मार्ग भी शामिल

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के प्रयासों से अटेली विधानसभा क्षेत्र की सडकों को चकाचक करने के लिए सरकार ने करोडों रूपये का बजट मंजूर किया है। ये सडकें लोक निर्माण विभाग द्वारा जल्द ही तैयार की जाएगीं। जिन पर 27.12 करोड़ की लागत आयेगी। जो अटेली क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, सडक नेटवर्क मजबूत होने से क्षेत्र के विकास, आवागमन की सुगमता और सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को नया मुकाम हासिल होगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार रोड नेटवर्क को लगातार मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है। अटेली हलके के लिए करोड़ों रुपए की लागत से सड़कों की मरम्मत व स्पेशल रिपेयरिंग की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि सरकार लगातार ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता में सुधार करने से न केवल



यातायात आवागमन की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। अटेली हलके में कनीना से गाहडा, कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग से गुढा, ढाणा से कपूरी सहित विभिन्न सड़क विकास परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। इससे न केवल यातायात की सुगम होगा बल्कि आर्थिक गतिविधियां भी बढेगीं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम कर रही है। राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

**सडक के दोनों ओर बनाए गए नाले के क्रॉसिंग मार्ग समतल नहीं किए जाने से आमजन परेशान**

महेंद्रगढ-कनीना-कोसली स्टेट हाइवे नम्बर 24 जिसका नवीनीकरण करीब डेढ पूर्व किया गया था वह जगह-जगह से टूटना प्रांरभ हो गया है। निर्माण करने वाले ठेकेदार की ओर से महेंद्रगढ से कनीना तक पैच लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें अनियमितताएं बरते जाने से संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है। रोड समतल न होने से पैचवर्क वाले स्थान पर वाहन उछल रहे हैं। जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। दूसरी ओर लोकनिर्माण विभाग की ओर से कनीना में इस सडक के साथ ही नाले का निर्माण किया गया था। जिसके चलते नपा द्वारा बनाए गए रोड तोड दिए गए थे, नाला बनाने के बाद भी उन क्रॉसिंग रोड को अब तक नहीं बनाया जा सका है। जिससे आमजन परेशान हो रहे हैं।

# एनडीए की परीक्षा में एसडी विद्यालय के छह विद्यार्थियों ने प्राप्त की सफलता

**शनिवार को आयोजित समारोह में विद्यालय के चेयरमैन द्वारा किया गया सम्मानित**

**क्षेत्र में नहीं है प्रतिभाओं की कमी : जगदेव यादव**



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में एसडी विद्यालय ककराला के छह विद्यार्थियों द्वारा सफलता प्राप्त करने पर शनिवार को विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव सहित विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, यूपीएससी एनडीए कि परीक्षा बीते माह 13 अप्रैल को आयोजित की गई थी। जिसमें देशभर से विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया कि इस परीक्षा में 6 विद्यार्थियों कशिश रामबास, जतिन भड़फ, यक्ष करीरा, छवीकान्त करीरा, साहिल फोगाट नयागाँव व गौरव कुमार कनीना ने इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। ये विद्यार्थी सेवा चयन बोर्ड, एसएसबी द्वारा आयोजित साक्षात्कार में हिस्सा लेगें। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, नियमित प्रयास और सही मार्गदर्शन कर उन्हें तराशा जाए तो बड़ी से बड़ी उपलबधि आसानी से हासिल की जा सकती है। प्रतियोगिता के इस दौर में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होना आवश्यक है।

एनडीए कोर्डिनेटर अविनाश कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की नियमित रूप से करवाते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। प्रत्येक छात्र को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाती हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में 12 राज्यों से बच्चे एनडीए की शिक्षा ग्रहण कर रहे है। रजनीश परमार की ओर से एसएसबी कि तैयारी करवायी जा रही है। कर्नल रैंक के अधिकारी प्रत्येक माह में 2 बार विद्यालय का दौरा करते है। इस अवसर पर उपप्राचार्य पूर्ण सिंह, सीईओ आरएस यादव, सुनिल कुमार, योगेन्द्र कुमार, देवव्रत, राजेंद्र यादव, सुमित, यशपाल, धनराज, संजय कुमार उपस्थित थे।

## कोटिया में गंदे पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया धरना

समाचार गेट/सुनील दीक्षित




**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव कोटिया गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार से धरना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बीचोंबीच जोहड बना हुआ है जिसमें निकासी का पानी जमा होता है। बरसात के दौरान जोहड ओवरफ्लो हो जाता है जिसका पानी घरों में घुस जाता है। जोहड की सफाई न होने से गंदगी पनप रही है। जिससे संक्रमित बिमारियां पनपने का अंदेशा है। इस जोहड में बीते समय दो-तीन लोगों की डूबने से मौत भी हो चुकी है। पवन कुमार,पूर्व पंचायत समिति सद्स्य ने बताया कि जोहड़ से गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर वर्षभर पूर्व भी धरना दिया गया था। जिसे अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि जोहड की चारदीवारी न होने के कारण ग्रामीण हादसे का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने उपमंडल प्रशासन से समस्या निदान की मांग की है।

# सटकपुरी गांव में बनी फेयर एक्सपोर्ट मीट फैक्ट्री की बदबू से इलाके के ग्रामीण परेशान



**फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को डाला जा रहा घरों के पास लोगों को हो रही बीमारियां लोगों ने केई जगह शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह जिले के सटकपुरी गांव में बनी फेयर एक्सपोर्ट मीट फैक्ट्री के कारण बदबू से इलाके के ग्रामीण परेशान हैं । ग्रामीणों ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है ।ग्रामीणों ने दी अपनी शिकायत में बताया कि गांव सटकपुरी में फेयर एक्सपोर्ट नाम से मीट फैक्ट्री बनी हुई है जोकि अब आबादी क्षेत्र के अन्दर है जिससे केवल 100 मीटर दूरी पर लोगों के मकान बने हुए हैं,जोकि उक्त कम्पनी के कर्मचारी वा संचालक खून वा गन्दगी को नहर के अन्दर डालते है जिससे बदबू वा गन्दगी के कारण रुक पाना बडा मुश्किल है तथा खून का तालाब घरों के नजदीक है जिससे लोगो व बच्चो में बीमारी फैल रही है। जिसकी वजह से नई पीडी खतरे में जा रही है तथा हमारा जीवन दुश्वार हुआ पडा है पूरे दिन जंगली कुत्ते घूमते है जो कई बार हमारे बच्चो के उपर अटैक कर चुके है। बताया की कम्पनी बगैर मानको के कार्य कर रही है तथा दुधारु वा गर्भवती पशुओ वा छोटे कटडे को भी काट देते है जो हमारे पास सबूत हैं ।कम्पनी चोरी के पशुओ को खरीदते है जो कम्पनी का कर्मचारी बार बार झूठी धमकी देता है और पुलिस बुलाकर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। बताया की कम्पनी के कारण वायु व मृदा प्रदूषण भी प्रभावित हो रहा है प्रदूषण अपने चरम सीमा पर कम्पनी के आस पास फैला हुआ है, लोगों ने सरकार से मांग की है कि उच्च स्तरीय टीम भेजकर कम्पनी वा आस पास फैली गन्दगी वा खून की जांच कि जाए वा इलाके में बीमारी फैलने से रोक लगाई जाए। जनाब इस बाबत पहले भी उच्च अधिकरीयो को लिखित दरखास्त दे चूके हैं लेकिन कोई कानूनी कार्यवाही नही होती हैं।

# एचडीएफसी परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत किसानों को वितरित किए गए सोलर स्प्रे पंप




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** एचडीएफसी परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत सहगल फाउंडेशन के माध्यम से शुक्रवार को खंड पिनगवां व फिरोजपुर झिरका के पंद्रह गांवों मे पिनगवां कार्यालय पर एक सौ बीस सोलर स्प्रे पंप वितरित किए गए द्य इससे पहले भी इन्हीं गांवों मे पिछले सत्र मे हर गांव मे आठ आठ किसानों को कुल एक सौ बीस सोलर स्प्रे पंप वितरित किए गए थे इस पंप को किसान अपनी खेती मे कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सोलर प्रणाली द्वारा, बिजली द्वारा व हाथ के माध्यम से भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

सहायक कार्यक्रम अधिकारी कैलाश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हमने जो एच डी एफ सी परिवर्तन परियोजना के माध्यम से सोलर स्प्रे पंप वितरित किए हैं इसका उद्देश्य यह है कि किसानों को अपनी खेती मे कीटनाशक दवाओं का छिड़काव के लिए गांव मे ही यह सुविधा मिल जाए ओर समय पर जो फसलों मे रोग आ जाता है उसकी रोकथाम की जा सके कई बार ऐसा होता है कि मार्केट की दूरी ज्यादा होने की वजह से किसानों को इसकी उपलब्धता नहीं हो पाती है और फसल खराब हो जाती है।

हमने इन सभी किसानों का गांव स्तर पर जो ग्राम विकास समिति है उसी के माध्यम से किया है हम सभी लाभार्थियों का चयन इसी समिति के माध्यम से ही करते हैं ताकि जरूरतमंद लाभार्थियों के नाम सामने आ सकें द्य सभी किसानों को सोलर स्प्रे पंप चलाने के बारे मे समझा दिया गया है ताकि किसानों को इस संबंधी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इस अवसर पर सहगल फाउंडेशन टीम ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।


## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें- samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### आखिर क्यों बलूचिस्तान की इस शेरनी से कांपती है पाकिस्तानी सेना? दिया खुला चैलेंज




**क्वेटा, एजेंसी।** भारत के साथ बढ़ते तनाव के बाद अब बलूचिस्तान को लेकर भी पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई तेज हो गई है। बलूचिस्तान सेना ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हालाँकि, बीएलए ने समय-समय पर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हमले किए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए हवाई हमले के बाद बलूचिस्तान ने भी पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बलूची नेता मीर यार बलूच ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एकेपी हैंडल पर लिखा कि पाकिस्तानी कलमा पढ़कर किसी हिंदू की हत्या करने की हिम्मत नहीं करेगा। पाकिस्तान पर दोहरी मार पाकिस्तान में इस समय बुरे दिन चल रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच, बलूचिस्तान में विद्रोहियों ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है। रिपोर्टों के अनुसार, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में कई पाकिस्तानी सेना की चौकियों पर कब्जा कर लिया है। बीएलए का दावा है कि उसने पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया है। साथ ही, ऐसी खबरें भी आई हैं कि पाकिस्तानी सेना ने शहर के कई हिस्सों पर नियंत्रण खो दिया है। इसके अलावा, बीएलए एक गैस पाइपलाइन को उड़ाने का भी दावा कर रहा है। कोई भी हिंदुओं को नहीं मारेगा बलूच नेता मीर यार बलूच ने एक सभा को संबोधित किया और पहलगाम में हुए हमले के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई वास्तविक शांति की बहाली के लिए है, जहां कोई भी पाकिस्तानी किसी हिंदू को कलमा पढ़ने के लिए नहीं कहेगा या उसकी पत्नी और बच्चों के सामने उसे मारने की हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि नैतिक, कूटनीतिक, राजनीतिक, वित्तीय जो कुछ भी आपके पास है, उसे देकर सम्मान के साथ शामिल हों, क्योंकि हम आपके और मानवता के लिए लड़ रहे हैं। मीर यार बलूच ने कहा, हमारी महान लड़ाई इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र पाकिस्तान से आजाद कराना है। आपको बता दें कि बलूचिस्तान की आजादी की मांग को लेकर पाकिस्तान के साथ लंबे समय से लड़ाई चल रही है।

### चीन से व्यापार वार्ता का मतलब 145 प्रतिशत टैरिफ में कमी नहीं : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोटूक कहा है कि चीन के साथ अधिकांश आयातों पर 145प्रतिशत टैरिफ फिलहाल लागू रहेगा। ट्रंप ने यह बयान तब दिया जबकि अमेरिकी और चीनी अधिकारी इस सप्ताह स्विट्जरलैंड के जिनेवा में व्यापार वार्ता के लिए तैयारी कर रहे हैं। चीन में नए अमेरिकी राजदूत डेविड पर्ड्यू के शपथ समारोह में बोलते हुए ट्रंप ने कहा, अमेरिका अब पहले की तरह बड़े पैमाने पर व्यापार घाटे का सामना नहीं कर रहा है। आगामी वार्ता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, हम हर साल एक खरब डॉलर खो रहे थे, अब हम कुछ भी नहीं खो रहे हैं। मैं इसे इसी तरह देखता हूं। अमेरिका-ब्रिटेन में होगा पहला व्यापार सौदा अमेरिका और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते की उम्मीद बढ़ गई है। इससे राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक टैरिफ का बोझ घटेगा और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर को एक राजनीतिक जीत देगा।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद की लाइब्रेरियन कार्ला हेडन को बर्खास्त किया




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद की लाइब्रेरियन कार्ला हेडन को अचानक बर्खास्त कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) संघीय सरकार से उन लोगों को हटा रहा है जो राष्ट्रपति और सरकार के एजेंडे का विरोध करते हैं। बृहस्पतिवार को तीन शीर्ष डेमोक्रेट सांसदों के बयानों में बर्खास्तगी का खुलासा किया गया और मामले से परिचित एक व्यक्ति ने इसकी पुष्टि की। कनेक्टिकट से रिपब्लिकन पार्टी की सांसद रोजा डेलारो ने कहा कि ट्रंप ने हेडन को बेहद बेरहमी से निकाल दिया। उन्होंने प्रशासन से हेडन को बर्खास्त किए जाने के बारे में स्पष्टीकरण देने की मांग की। डेलारो ने एक बयान में कहा, डॉ. हेडन का कार्यकाल आधुनिकीकरण और लोकतंत्रीकरण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। उनकी बर्खास्तगी न केवल उनकी ऐतिहासिक सेवा का अपमान है, बल्कि हमारे सबसे सम्मानित संस्थानों में से एक संस्थान की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है।

# रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप बने:अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल; पोप लियो-14 के नाम से जाने जाएंगे







**वेटिकन, एजेंसी।** वेटिकन में आज पैपल कॉन्क्लेव के दूसरे दिन नए पोप का चयन हो गया। 69 साल के रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुन लिया गया है। वो अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल हैं। उन्होंने अपने लिए पोप लियो-14 नाम चुना है। 133 कार्डिनल्स ने वोटिंग के जरिए दो-तिहाई बहुमत (89 वोट) से उन्हें पोप चुना। 1900 के बाद से यह पांचवां मौका है जब नए पोप को दो दिनों में चुन लिया गया। वोटिंग के दूसरे ही दिन रोमन कैथोलिक चर्च के सिस्टीन चैपल पर स्थित चिमनी से सफेद धुआं निकला, जिससे पता चलता है कि नए पोप का चयन हो गया है। नए पोप का चयन होते ही वेटिकन में मौजूद 45 हजार से ज्यादा लोगों ने जोरदार तालियां बजाई और एक दूसरे को बधाई दी। इससे पहले 7 मई को वोटिंग के पहले दिन किसी को भी पोप नहीं चुना गया था। कल सिस्टिन चैपल में औपचारिक जुलूस और हर कार्डिनल की तरफ से गोपनीयता की शपथ लेने के बाद, बुधवार रात करीब 9:15 बजे वोटिंग का पहला दौर शुरू हुआ था।

**नए पोप ने पहले संबोधन में कहा- सबके दिलों में शांति हो :** पोप चुने जाने के बाद पोप लियो-14 ने सेंट पीटर्स बेसिलिका की बालकनी से स्पेनिश भाषा में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से दूसरों के लिए दया दिखाने और प्रेम के साथ रहने की अपील की। उन्होंने कहा- मैं सभी कार्डिनल्स को शुक्रिया करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के तौर पर चुना है। मैं उन पुरुषों और महिलाओं के साथ काम करने की कोशिश करूंगा जो मिशनरी बनकर बिना किसी डर के यीशु का प्रचार करते हैं और उनके लिए वफादार हैं।

**पोप फ्रांसिस के करीबी माने जाते हैं नए पोप :** पोप लियो का जन्म 14 सितंबर 1955 को अमेरिका के इलिनोय में हुआ था। वे पोप फ्रांसिस के करीबी सहयोगी माने जाते थे और उनकी विचारधारा भी पोप फ्रांसिस से मेल खाती है। उन्होंने पोप फ्रांसिस के उस फैसले का समर्थन किया जिसमें तलाकशुदा और दोबारा शादी करने वाली महिलाओं को त्योहार मनाने की इजाजत दी गई थी। 21 अप्रैल को पोप फ्रांसिस का निधन हो गया था। रोमन कैथोलिक चर्च के 267वें पोप का चयन हो रहा था। 7 मई को वोटिंग शुरू होने से लगभग 90 मिनट पहले सभी सिग्नल बंद कर दिए थे। लीक को रोकने के लिए कॉन्क्लेव क्षेत्र को सख्त लॉकडाउन में रखा गया था। 2013 में भी यही तरीका अपनाया गया था जब पोप फ्रांसिस के चुनाव के लिए सिग्नल ब्लॉकर्स लगाए गए थे। वेटिकन में रोजाना का काम करने वाले कर्मचारियों ने भी मौन रहने की शपथ ली है। कॉन्क्लेव एक गुप्त और पवित्र प्रक्रिया है, जो 13वीं शताब्दी से चली आ रही है। वेटिकन के संविधान के मुताबिक पोप के निधन के 15 से 20 दिनों के भीतर कॉन्क्लेव की शुरुआत होनी चाहिए। कॉन्क्लेव की शुरुआत से 2 दिन पहले वेटिकन के कर्मचारियों जैसे कि पुजारी, सुरक्षा गार्ड, डॉक्टर, टेक्नीशियन आदी ने प्राइवेसी की शपथ ली है, ताकि नए पोप के चुनाव की गोपनीयता बनी रहे। वोटिंग से पहले सिस्टीन चैपल को बाहरी दुनिया से पूरी तरह अलग कर दिया जाता है। इस पूरे इलाके की जांच की जाती है। कार्डिनल्स के पास मोबाइल फोन, इंटरनेट और न्यूजपेपर की सुविधा नहीं होती। पैपल कॉन्क्लेव- नए पोप की चयन प्रक्रिया पोप की मौत के बाद अगले पोप के दावेदारों के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं होती है। नए पोप के चयन की प्रक्रिया को 'पैपल कॉन्क्लेव' कहा जाता है। जब पोप की मौत हो जाती है या फिर वे इस्तीफा दे देते हैं, तब कैथोलिक चर्च के कार्डिनल्स चुनाव करते हैं। कार्डिनल्स बड़े पादरियों का एक ग्रुप है। इनका काम पोप को सलाह देना है। हर बार इन्हीं कार्डिनल्स में से पोप चुना जाता है। हालांकि पोप बनने के लिए कार्डिनल होना जरूरी नहीं है, लेकिन अब तक हर पोप चुने जाने से पहले कार्डिनल रह चुके हैं। जितने भी कार्डिनल्स नए पोप का चुनाव करेंगे, उसमें से ज्यादातर को पोप फ्रांसिस ने चुना था। इसलिए माना जा रहा है कि नए पोप भी फ्रांसिस की तरह उदार और बदलाव को स्वीकार करने वाले होंगे। गोपनीयता की कसम खाते हैं कार्डिनल्स कॉन्क्लेव का पहला दिन विशेष प्रार्थना सभा से शुरू होता है। प्रार्थना के दौरान सभी कार्डिनल्स एक कमरे में एकजुट होते हैं। इसमें हर एक कार्डिनल गॉस्पेल यानी पवित्र किताब पर हाथ रखकर यह कसम खाता है कि वह इस चुनाव से जुड़ी किसी भी जानकारी का कभी भी किसी और के सामने खुलासा नहीं करेगा। इसके बाद कमरे को बंद कर दिया जाता है फिर सीक्रेट तरीके से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू होती है। वोटिंग शुरू होने के दौरान हर एक कार्डिनल को एक बैलेट दिया जाता है। वह उस पर उस शख्स का नाम लिखता है, जिसे वह पोप बनाना चाहता है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो ने भारत, पाकिस्तान से तनाव कम करने का आग्रह किया



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बृहस्पतिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अलग-अलग बात की और तनाव कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। रूबियो ने पाकिस्तान से आतंकवादी समूहों को किसी भी तरह का समर्थन बंद करने के लिए ठोस कदम उठाये जाने का आह्वान किया। जयशंकर के साथ बातचीत में रूबियो ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत के लिए अमेरिकी समर्थन व्यक्त किया तथा संचार में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करने को प्रोत्साहित किया। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस द्वारा जारी बयान में कहा गया, ''मंत्री ने तत्काल तनाव कम करने की आवश्यकता पर बल दिया।'' इसमें कहा गया है, ''रूबियो ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले पर अपनी संवेदनाएं दोहराई और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मिलकर काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।'' जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज शाम अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो से बात की। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता की मैं तहे दिल से सराहना करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। आतंकवाद को बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।'' 'रेडियो पाकिस्तान' की खबर के मुताबिक, रूबियो ने प्रधानमंत्री शरीफ को फोन किया और दक्षिण एशिया क्षेत्र में उभरते हालात पर चर्चा की। खबर के अनुसार, रूबियो ने कहा कि अमेरिका दक्षिण एशिया की स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है, क्योंकि वह इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हाफिज ने पाकिस्तानी हाईकोर्ट में कई वर्षों की सजा को दी चुनौती

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में आतंकी सरगना और मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तानी कोर्ट में एक याचिका दायर कर आतंकी वित्तपोषण केस में कई वर्षों की सजा कम करने के लिए कहा है।प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के सरगना व संगठन के कुछ अन्य नेताओं ने लाहौर हाईकोर्ट में इस संबंध में एक याचिका दायर की है। कोर्ट अधिकारी ने कहा, न्यायमूर्ति शाहबाज रिजवी और तारिक महमूद बाजवा की लाहौर हाईकोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने याचिका पर सुनवाई तय की है। सुनवाई की तिथि अभी नहीं दी है। सईद, एक संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकी है, जिस पर अमेरिका ने एक करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। उसे अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद जुलाई 2019 में आतंकी वित्तपोषण मामलों में गिरफ्तार किया गया था। वह तभी से लाहौर की कोट लखपत जेल में है, जिसे आतंकी मामलों में दोषी ठहराया गया है।

# पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अधिक ऋण देने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति बनती दिख रही है। एक तरफ भारत अपने ही दम पर पाकिस्तान की खाट खड़ी कर रहा है। वहीं पाकिस्तान भारत की ओर से की जा रही जवाबी कार्रवाई से बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भारत के मजबूत और पक्के इरादों को देखकर पाकिस्तान ने फिर दुनिया के सामने रोना शुरू कर दिया है। भारत से लड़ने में अक्षम पाकिस्तान अब एक बार फिर भीख मांगने पर मजबूर हो गया है। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत द्वारा पहुंचाए गए नुकसान की भरपाई के लिए और अधिक ऋण देने का आग्रह किया है।

पाकिस्तान ने ये आग्रह उस समय किया है जब वो भारत को गीदड़भभकी दिखा रहा है। मगर असलियत है कि पाकिस्तान की जेब पूरी तरह से खाली है। भारत द्वारा लिए गए इस एक्शन के बाद पाकिस्तान भीख मांगने पर मजबूर हो गया है। दरअसल पाकिस्तान सरकार के आर्थिक मामलों के प्रभाग द्वारा की गई थी। प्रभाग के आधिकारिक एक्स अकाउंट से मदद की गुहार लगाते हुए पोस्ट किया गया है। इस पोस्ट में दुनिया भर के देशों से अपील की गई है कि वो पाकिस्तान को कर्ज दें क्योंकि भारत के साथ लड़ाई में पाकिस्तान को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पाकिस्तान ने वैश्विक समुदाय से भी स्थिति को कम करने में मदद करने का आग्रह किया।

नकदी की कमी से जूझ रहा पाकिस्तान अपने देश को चलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से ऋण



की गुहार लगा रहा है और इसके बावजूद उसने पहलगाम में आतंकवादी हमला करके भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने का विकल्प चुना है, जिसे नई दिल्ली ने वास्तविक उकसावे के रूप में बताया है। पाकिस्तान अब वित्तीय संकट का सामना कर रहा है क्योंकि उसे अपनी सेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकास और अन्य निधियों को स्थानांतरित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, और इस प्रकार, वह साझेदार देशों के सामने फिर से भीख मांग रहा है। पाकिस्तान सरकार ने दुश्मन द्वारा भारी नुकसान पहुँचाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों से अधिक ऋण की अपील की है। बढ़ते युद्ध और शेयर बाज़ारों में गिरावट के बीच, हम अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से तनाव कम करने में मदद करने का आग्रह करते हैं। राष्ट्र से दृढ़ रहने का आग्रह किया गया है। पाकिस्तान की ओर से वैश्विक समुदाय से यह अपील भारत द्वारा आतंकवाद के मामले में इस्लामाबाद के दोहरे मापदंड को उजागर करने के बाद आई है। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारत ने कहा कि सटीक हमलों में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना नहीं बनाया गया और ये हमले गैर-बढ़ाने वाले थे। हालांकि, पाकिस्तान ने अगले दिन 15 भारतीय शहरों पर बमबारी करने की कोशिश की और भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ-साथ प्रमुख स्थलों को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइलें दागना जारी रखा। हालांकि, भारत ने अपनी वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग करके सभी हमलों को बेअसर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में, भारत ने पीओके और पाकिस्तान में कई जगहों को निशाना बनाया, जिसमें इस्लामाबाद की वायु रक्षा प्रणाली को निशाना बनाया गया।

# अमेरिका युद्ध से दूर रहेगा, इससे हमारा कोई वास्ता नहीं: अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका ''मूलतः कोई वास्ता नहीं है''। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने बृहस्पतिवार को एक टीवी साक्षात्कार में कहा कि भारत और पाकिस्तान को अमेरिका नियंत्रित नहीं कर सकता लेकिन वह परमाणु-शक्ति संपन्न दोनों पड़ोसियों से तनाव कम करने की अपील कर सकता है। यह पूछे जाने पर कि भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला प्रशासन कितना चिंतित है, वेंस ने कहा, ''देखिए, हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं परमाणु शक्तियां आपस में टकरा न जाएं और कोई बड़ा संघर्ष न हो जाए।'' वेंस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के हवाले से कहा कि वाशिंगटन चाहता है कि तनाव जल्द से जल्द ''कम हो''। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हम इन देशों को नियंत्रित नहीं कर सकते।



भारत को पाकिस्तान से कुछ शिकायतें हैं। पाकिस्तान ने भारत को जवाब दिया है। हम इन लोगों से अपील कर सकते हैं कि वे तनाव को कुछ कम करने की कोशिश करें लेकिन हम युद्ध के बीच में नहीं पड़ने जा रहे। इससे वास्तव में हमारा कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका भारतीयों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। हम पाकिस्तानियों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकते। इसलिए हम कूटनीतिक माध्यमों से इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। हमें आशा और अपेक्षा है कि यह किसी व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या भगवान न करे, किसी परमाणु संघर्ष में न बदल जाए, लेकिन हम इन चीजों को लेकर निश्चित रूप से चिंतित हैं।'' वेंस ने कहा, ''मुझे लगता है कि यहां कूटनीति और शांत दिमाग से काम करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित हो कि यह परमाणु युद्ध न बन जाए। अगर ऐसा हुआ तो यह निश्चित रूप से विनाशकारी होगा। अभी हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है।'' वेंस, उनकी पत्नी उषा वेंस और उनके तीन बच्चे जब भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर थे तभी 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। हमले के दो सप्ताह बाद भारत ने मंगलवार देर रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया। भारत ने बृहस्पतिवार रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर एवं कुछ अन्य स्थानों में सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान द्वारा मिसाइल एवं ड्रोन से हमला किए जाने के प्रयासों को विफल कर दिया। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष व्यापक होने की आशंका प्रबल हो गयी है।

## भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव पर नेपाल ने जताई चिंता, कहा- अपनी जमीन किसी विरोधी गतिविधि के लिए नहीं देंगे

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर गहरी चिंता जताई है और अपनी धरती का इस्तेमाल किसी भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि के लिए न होने देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि वह हालिया घटनाओं से बेहद चिंतित है, विशेष रूप से उस आतंकी हमले के बाद जो भारत के पहलगाम में हुआ और जिसमें एक नेपाली नागरिक समेत 26 लोगों की जान गई। नेपाल सरकार ने अपने बयान में कहा, नेपाल पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है और भारत के साथ इस दुख की घड़ी में खड़ा है।

बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि नेपाल अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण किसी भी शत्रुतापूर्ण ताकत को अपने पड़ोसियों के खिलाफ अपनी जमीन के इस्तेमाल की इजाजत नहीं देगा। नेपाल ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय एकजुटता का समर्थन करते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार की हिंसा या आतंक की नीति का पक्षधर नहीं है।

इस बीच, नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री बिमलेंद्र निधि ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ भारत



के साथ हैं और भारतीय सेना को इस सफल ऑपरेशन के लिए बधाई देते हैं। नेपाल की प्रतिक्रिया भारत द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक दिन बाद आई है। भारत ने यह ऑपरेशन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया था। यह कदम पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के जवाब में उठाया गया।

# यूएस अटॉर्नी के लिए एड मार्टिन का नाम वापस लेंगे ट्रंप, पक्षपात की चिंताओं और अनुभव की कमी के चलते फैसला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि वह देश की राजधानी वाशिंगटन डीसी के लिए शीर्ष संघीय अभियोजक बनने के लिए एड मार्टिन जूनियर के अपने नामांकन को वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है, क्योंकि रूढ़ीवादी कार्यकर्ता मार्टिन के पास अनुभव की कमी है और उनके राजनीतिक विचारों को लेकर दोनों पार्टियों में चिंता जताई जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप ने देश के सबसे बड़े अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय का नेतृत्व करने के लिए यह नामांकन दो दिन पहले किया था। हालांकि, एक वरिष्ठ रिपब्लिकन सीनेटर ने कहा कि वह मार्टिन का समर्थन नहीं करेंगे, क्योंकि उन्होंने 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी कैपिटल पर हमला करने वालों का समर्थन किया था। दो दिन में हो सकती है अगले नाम की घोषणा राष्ट्रपति ट्रंप ने बृहस्पतिवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उनसे मार्टिन की पुष्टि की स्थिति के बारे में पूछा गया। इस पर ट्रंप ने कहा, वह एक शानदार व्यक्ति हैं, लेकिन उन्हें लोगों से वह समर्थन नहीं मिला, जितना मुझे उम्मीद थी। बाद में ट्रंप ने कहा कि हमारे पास कोई और है जो बहुत अच्छा होगा। उन्होंने अगले नाम की घोषणा का दो दिन में होने का संकेत दिया। ट्रंप ने कहा- वह मार्टिन को प्रशासन में लाना चाहते हैं



हालांकि, ट्रंप ने यह भी कहा कि वह अभी भी मार्टिन को प्रशासन में लाना चाहते हैं, चाहे वह न्याय विभाग हो या कहीं और। इस दौरान ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि वह हर बार सीनेटरों को फोन करके उन्हें मनाने की स्थिति में नहीं हैं। ट्रंप के इस ऐलान के कुछ मिनटों बाद मार्टिन ने सोशल मीडिया पर मजाकिया अंदाज में पोप की पोशाक पहने अपनी एक तस्वीर पोट की, जिसमें लिखा था, प्लॉट ट्विस्ट- यह ब्रेकिंग न्यूज की ओर इशारा करते हुए कि कैथोलिक चर्च का नेतृत्व करने के लिए एक नए पोप को चुना गया है। हालांकि, मार्टिन के प्रवक्ता ने इस टिप्पणी पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। 20 मई को समाप्त हो रही है मार्टिन की अस्थायी नियुक्ति मार्टिन ने ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के पहले सप्ताह से ही डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया के लिए कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी के रूप में काम किया है। लेकिन 6 जनवरी के दंगों में शामिल लोगों के समर्थन और उनके कुछ विवादित फैसलों के चलते अब उनकी नियुक्ति की उम्मीदें कम हो गई हैं। अपने छोटे कार्यकाल में ही मार्टिन ने कई आलोचक बना लिए हैं। उन्होंने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों पर काम करने वाले अधीनस्थों को निकाल दिया या उनका डिमोशन कर दिया।उन्होंने सोशल मीडिया पर जांच के मामलों पर टिप्पणी की, और एक बार एक सरकारी ठेके की जांच करने का आदेश देकर एक वरिष्ठ अधिकारी का इस्तीफा भी करवा दिया। मार्टिन की अस्थायी नियुक्ति 20 मई को समाप्त होने वाली है।

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और सरदार सरोवर बांध की सुरक्षा बढ़ाई गई, पर्यटकों और वाहनों की जांच

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गुजरात की जीवनरेखा सरदार सरोवर नर्मदा योजना और उसके निकट स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां आनेवाले पर्यटकों और वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इन दोनों स्थलों की ओर जानेवाली सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात कर दिया है। यह बात अलग है कि आज शाम 5 बजे से भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हो गया है। आगामी 12 मई को दोनों देशों के बीच बातचीत होगी। लेकिन महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जा सकती। जानकारी के मुताबिक सरदार सरोवर नर्मदा बांध और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सरदार सरोवर नर्मदा निगम के एमडी, एसआरपीएफ के कमांडर और जिला पुलिस अधिकारियों के बीच एक तत्काल बैठक हुई। गुजरात राज्य की जीवनरेखा सरदार सरोवर नर्मदा बांध की सुरक्षा भी एहतियात के तौर पर बढ़ा दी गई है। सरदार सरोवर नर्मदा बांध और दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की ओर जाने वाली सड़कों पर पुलिस का काफिला तैनात किया गया है, साथ ही अन्य सुरक्षा उपाय भी किए गए हैं। यहां आने-जाने वाले यात्रियों की जांच की गई तथा पुलिस, एसआरपीएफ और सीआईएसएफ के जवानों द्वारा वाहनों की भी सख्ती से जांच की गई। इस संबंध में नर्मदा जिले के एसपी प्रशांत शुंबे ने कहा कि सरदार सरोवर नर्मदा बांध और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पर्यटकों से भी कहा गया है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखें तो तुरंत नजदीकी सुरक्षाकर्मी या पुलिस को सूचित करें।

## भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से जासूस को पकड़ा

किशनगंज (एजेंसी)। बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से एक बांग्लादेशी जासूस को पकड़ा है। शुक्रवार देर रात किशनगंज सेक्टर में तैनात बीएसएफ के जवानों ने बिहार से लगे पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में ये कार्रवाई की है। बागडोगरा सैन्य छावनी के नजदीक से इस बांग्लादेशी जासूस को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशरफुल आलम के रूप में हुई है। अशरफुल ने पूछताछ के दौरान खुद को बांग्लादेशी जासूस बताया है। उसने बांग्लादेश की खुफिया एजेंसी का पूर्व कर्मचारी होने का दावा किया है। इसके बाद उसे दिल्ली भेजने का फैसला लिया गया। इसलिए उसे किशनगंज फ्रन्टियर हेडक्वॉर्टर ना लाकर बागडोगरा एयरपोर्ट के पास सिलिगुड़ी में रखा गया है। अब उसे बागडोगरा एयरपोर्ट से ही दिल्ली भेजा जा सकता है।

## किश्तवाड़ में 2.7 तीव्रता का भूकंप

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में शनिवार को 2.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके दोपहर करीब 3.14 बजे महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 5 किलोमीटर की गहराई में था। गहराई वाले भूकंपों की तुलना में कम गहरे भूकंप ज्यादा खतरनाक होते हैं क्योंकि पृथ्वी की सतह के नजदीक होने पर उनकी ऊर्जा ज्यादा निकलती है। इससे जमीन का कंपन ज्यादा होता है और इमारतों को ज्यादा नुकसान होता है। गहरे भूकंप सतह पर आने के बाद ऊर्जा खो देते हैं, जिससे नुकसान की आशंका कम होती है।

## लडक़ी से चलती कार में गैंगरेप

बुलंदशहर (एजेंसी)। नोएडा से 3 दोस्तों ने नौकरी दिलाने के बहाने 2 लड़कियों को अपनी कार में बैठाया। फिर एक लडक़ी को मेरठ में चलती कार से फेंक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद बुलंदशहर में दूसरी लडक़ी से तीनों दोस्तों ने बारी-बारी से गैंगरेप किया। फिर उसे भी खुर्जा में फेंककर कार से भाग गए। शनिवार को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद गाजियाबाद के रहने वाले गौरव और सूरजपुर निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। मुख्य आरोपी अमित अभी फरार है। प्रतापगढ़ की रहने वाली दोनों लड़कियां नोएडा में शादियों में वेलकम गर्ल का काम करती थीं।

## साइकिल से गिरे तेजप्रताप का वीडियो शेयर कर दीपा मांझी ने पूछा- तेजू भइया.... प्लेन कैसे उड़ाएंगे?


पटना (एजेंसी)। भारत-पाक तनाव के बीच जब राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजप्रताप यादव वायुसेना की वर्दी पहनकर बॉर्डर पर जाने की अनुमति मांग रहे थे, उसी दौरान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी ने उन पर तीखा तंज कसा है। दीपा ने तेजप्रताप का एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए उन्हें 'बहुरूपिया' कहा और उनके हवाबाजी वाले जुनून पर सवाल उठा दिया है। दरअसल शनिवार को दीपा मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर तेजप्रताप का साइकिल से गिरते हुए 2018 का वीडियो फुटेज शेयर किया और लिखा, 'तेजू भइया आप साइकिल से गिर जाते हैं, फाइटर प्लेन कैसे उड़ाएंगे?' उन्होंने आगे लिखा, कि 'अपने तेजू भइया बहुरूपिया को भी शर्मा देते हैं। सावन में शंकर, भादो में कृष्ण, कभी घुड़सवारी, कभी साइक्लिंग, कभी जलेबी, कभी चापाकल स्नान। अब देश सेवा के जुनून में हवा में उड़ने की चाह है, लेकिन ठहरते कहीं नहीं।' गौरतलब है कि तेजप्रताप यादव पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर लगातार सेना की वर्दी में तस्वीरें साझा कर रहे हैं और खुद को सीमा पर भेजने की मांग कर रहे हैं। दीपा मांझी का यह व्यंग्यात्मक पोस्ट अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## अस्पताल में हुई नवजात की मौत, परिजनों ने हंगामा कर लगाया 2500 रुपए मांगने का आरोप

पटना (एजेंसी)। पटना के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में एक नवजात की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक अस्पताल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी की गई और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया गया। परिजनों ने अस्पताल कर्मचारियों पर लापरवाही और 2500 रुपए की अवैध मांग का आरोप लगाया है।

# भारत ने आईएमएफ में पाकिस्तान के खिलाफ नहीं किया वोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत चाहता तो आईएमएफ में पाकिस्तान को लोन देने के खिलाफ वोटिंग कर सकता था, लेकिन उसने ऐसा करने की बजाए वोटिंग ही नहीं की। सवाल उठ रहे हैं कि भारत ने ऐसा क्यों किया। अगर वह चाहता तो पाकिस्तान के खिलाफ वोट करके मौजूदा हालात में बदला तो ले ही सकता था लेकिन इसके बाद भी भारत वोटिंग से अलग रहा।





आमतौर पर आईएमएफ सर्वसम्मति-आधारित दृष्टिकोण पर काम करता है। व्यक्तिगत सदस्य देशों के वोट सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। भारत के वोटिंग में हिस्सा नहीं लेने की कई वजहें हैं। आईएमएफ सदस्य देश खासतौर पर अमेरिका, यूरोपीय संघ के देश, चीन और भारत जैसे प्रमुख शेयरधारक व्यापक आम सहमति से काम करना पसंद करते हैं। यहां तक कि प्रतिकूल संबंधों वाले देश भी शायद ही कभी खुले तौर पर खिलाफ या नहीं का वोट नहीं देते जब तक कि कोई गंभीर भू-राजनीतिक उल्लंघन न हो। जैसे रूस-यूक्रेन में तनाव और युद्ध का मामला। शत्रुतापूर्ण वोट किसी देश को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग कर सकता है। उसे वैश्विक वित्तीय स्थिरता को बाधित करने के तौर पर देखा जा सकता है। भारत खुद को दुनिया में एक जिम्मेदार वैश्विक खिलाड़ी के तौर पर स्थापित करने की कोशिश करता रहा है, लिहाजा वो खिलाफत वोटिंग करने से बचा।

आईएमएफ का मुख्यालय वाशिंगटन डीसी में है। पाकिस्तान के दो लोन प्रोग्राम को मंजूर करने के लिए 9 मई को वोटिंग हुई। भारत आईएमएफ के निदेशक मंडल में है, लिहाजा उसका वोट मायने भी रखता है। वोटिंग में पाकिस्तान को दो ऋण कार्यक्रमों के तहत कुल 2.3 बिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान करने पर हरी झंडी दे दी गई। ये बात जो भी सुन रहा है वो हैरान हो रहा है कि भारत ने ऐसा क्यों किया।

भारत निश्चित तौर पर सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के साथ गहरे मतभेद रखता है। लेकिन ये भी नहीं चाहता कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो जाए। क्योंकि आर्थिक तौर पर अगर उसकी हालत खराब हुई तो और अधिक उग्रवाद हो सकता है। शरणार्थियों का प्रवाह पड़ोसी क्षेत्रों को अस्थिर कर सकता है। भारत कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से आर्थिक दबाव बनाए रखना पसंद करता है, वो ये सुनिश्चित करता है कि पाकिस्तान आर्थिक रूप से बचा रहे लेकिन नियंत्रित रहे।

भारत के वोटिंग से बाहर रहने ने निश्चित तौर पर पाकिस्तान को बहुत बड़ी राहत दी। इंटरनेशनल कम्युनिटी में भी लोग हैरान हो रहे हैं कि एक तरफ तो दोनों देशों में जबरदस्त तनाव के बीच सैन्य कार्रवाई हो रही है। दोनों ही देश एक दूसरे के खिलाफ हमला कर रहे हैं। ऐसे में भी भारत ने वोटिंग से बाहर रहकर क्यों पाकिस्तान के लोन मंजूरी का रास्ता साफ कर दिया। पाकिस्तान को विस्तारित निधि सुविधा यानि एक्सटेंडेट फंड फेसिलिटी के जरिए एक बिलियन डॉलर और लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत 1.3 बिलियन डॉलर मंजूर किए। यानि कुल मिलाकर 2.3 बिलियन डॉलर।

## सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल और माला ले जाने पर रोक



मुंबई। प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, फूलों के हार और बाहर से प्रसाद लेकर आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय मंदिर की सुरक्षा और भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव और आतंकी हमले की आशंका के कारण लिया गया है। मंदिर प्रशासन का कहना है कि रविवार को इस फैसले का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। रविवार से ही इसे लागू भी कर दिया जाएगा। मुंबई पुलिस की एडवाइजरी को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने यह फैसला लिया है। प्रशासन का कहना है कि नारियल या फिर प्रसाद में विस्फोटक भी हो सकता है। मंदिर के ट्रस्टी भास्कर शेट्टी ने का, पुलिस ने हमें निर्देश दिए थे कि सुरक्षा को देखते हुए नारियल और अन्य प्रसाद पर रोक लगानी पड़ेगी। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा स्वर्णकार ने कहा कि मंदिर में हर रोज़ हज़ारों लोग आते हैं और यह आतंकवादियों की हिट लिस्ट में है। हाल में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने ट्रस्ट के साथ बैठक की। स्वर्णकार ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता को देखते हुए यह उपाय अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने मंदिर के बाहर फूल विक्रेताओं से बात की, जिन्होंने 11 मई से यह पहल शुरू करने का अनुरोध किया ताकि वे अपना मौजूदा स्टॉक खत्म कर सकें।

**रिटायर जवानों की होगी भर्ती-** शिवसेना के पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि मंदिर ट्रस्ट यह भी देखने का प्रयास कर रहा है कि क्या वह भक्तों के लिए फूल और दूर्वा घास उपलब्ध करा सकता है ताकि वे इसे भगवान को अर्पित कर सकें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए ट्रस्ट सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त 20 जवानों की भी भर्ती करेगा और वे हथियारबंद होंगे।

## बिहार सरकार बनाएगी सिविल डिफेंस वॉलंटियर, लोगों की करेगी भर्ती

**पटना (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते बिहार सरकार ने किसी भी आपदा से निपटने की तैयार कर ली है। इसके लिए पूरे बिहार में मॉकड्रिल कराई जाएगी। सिविल डिफेंस वॉलंटियर की संख्या बढ़ाई जा रही है और उनका मानदेय भी बढ़ाया गया है। सरकार लोगों को आपदा के प्रति जागरूक करने और राहत-बचाव कार्यों को मजबूत करेगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अपर मुख्य सचिव ने बताया नागरिक सुरक्षा निदेशालय के कंट्रोल रूम को सक्रिय कर दिया गया है। देश सेवा करने के इच्छुक लोग नागरिक सुरक्षा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है। इसे देखते हुए बिहार सरकार गांव से शहर तक लोगों को आपदा के बारे में बताएगी। राहत और बचाव के काम को भी मजबूत किया जाएगा।

सरकार सिविल डिफेंस वॉलंटियर की संख्या बढ़ा रही है। सिविल डिफेंस वॉलंटियर यानी नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयंसेवक। सरकार इन स्वयंसेवकों का मानदेय बढ़ा दिया गया है। पहले इन्हें हर दिन 400 रुपए मिलते थे। अब इन्हें 750 रुपए दिए जाएंगे। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। आपदा प्रबंधन का काम भी बेहतर होगा। ये वॉलंटियर जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे। राहत, बचाव और लोगों को जागरूक करने में मदद करेंगे। अपर मुख्य सचिव के मुताबिक नागरिक सुरक्षा निदेशालय का कंट्रोल रूम अब पूरी तरह से काम कर रहा है। खास तौर पर भारत-नेपाल सीमा के पास के जिलों पर ध्यान दिया जाएगा।

## पाकिस्तान के दोहरे चरित्र पर औवेसी, चीन में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर तुम्हारी जुबान नहीं खुलती

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है, और इसके बीच इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का नया लोन दिए जाने ने राजनीतिक हलकों में उबाल ला दिया है। एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान के साथ आईएमएफ को भी आड़े हाथों लिया।

ओवैसी ने कहा, हमारी जमीन पर, हमारे घरों पर, हमारे जवानों पर हमले हो रहे हैं, और पाकिस्तान को आईएमएफ से 1 बिलियन डॉलर की मदद दी जा रही है। यह क्या अंतरराष्ट्रीय न्याय है?' उन्होंने पाकिस्तान पर पर कहा, इन्हें न सरकार चलानी आती है, न अर्थव्यवस्था। ये केवल भारत में अमन बिगाड़ने और हिंदू-मुस्लिम तनाव फैलाने की योजना बना रहे हैं।



ओवैसी ने ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए लश्कर और जैश के टॉप आतंकियों का ज़क्रि कर कहा कि 'जो आतंकी भारत में हमलों के लिए जिम्मेदार थे, उनके जनाजे में पाक सेना के लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी शामिल होते हैं। यह देश किस नीति पर चल रहा है?'

उन्होंने कहा, 'जिसे अमेरिका ने आतंकी घोषित किया है, वह वहां नमाज-ए-जनाजा पढ़ा रहा है। यह आतंक को आधिकारिक संरक्षण देने जैसा है।

पाकिस्तान ड्रोन से हमला कर रहा है, मासूम मर रहे हैं'

ओवैसी ने कहा कि पूंछ में चार मासूम मुसलमान बच्चे भी मारे गए। 'क्या पाकिस्तान ये बताना चाहता है कि सिर्फ वहीं जन्नत में जाएंगे? इस्लाम को आतंकवाद से जोड़ने का अधिकार तुम्हें किसने दिया है?'

ओवैसी ने पाकिस्तान दोमुंह चरित्र पर सवाल उठाकर कहा कि 'जब तुम्हारा जमात-ए-इस्लामी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता करता है और फिर इस्लाम की बात करता है, तब तुम्हारी मंशा पर संदेह होता है। जिनजियांग में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर तुम्हारी जुबान नहीं खुलती।

ओवैसी ने कहा कि 'कांग्रेस और बीजेपी को आपसी आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर एकजुट होकर पाकिस्तान जैसे दुनिया के लिए खतरा बने मुल्क के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

## सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान... इस बार 27 मई को आएगा मानसून

**-4 दिन पहले केरल पहुंचेगा मानसून**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानूसन देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 में पहली बार होगा जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई को और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

मौसम विभाग ने बताया कि आमतौर पर 1 जून को केरल पहुंचने के बाद मानसून 8 जुलाई तक अन्य राज्यों को कवर करता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सेक्रेटरी एम रविचंद्रन ने कहा कि जून से सितंबर के दौरान मानसून सीजन में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। 4 महीने के दौरान 87 सीएम के औसत से 105 फीसदी बारिश हो सकती है। आमतौर पर 96 से 104 फीसदी बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 फीसदी से कम बारिश को सामान्य से बहुत कम, 90 से 95 फीसदी के बीच सामान्य से कम, 104 से 110 फीसदी के बीच सामान्य से ज्यादा और 110 फीसदी से ज्यादा बारिश बहुत ज्यादा माना जाता है।

### अंडमान-निकोबार में मानसूनी बारिश अगले हफ्ते

अंडमान और निकोबार में मानसूनी बारिश अगले हफ्ते तक शुरू हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, अंडमान निकोबार के हिस्सों में 13 मई तक मानसून की एंट्री का अनुमान है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मानसून के दौरान देश भर में होने वाली कुल वर्षा और शुरुआत की तारीख के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केरल में जल्दी या देर से आने वाले मानसून का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

### देश की अर्थव्यवस्था के लिए मानसून बेहद अहम

मौसम विभाग के अनुसार, 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 प्रतिशत से कम बारिश को कमी माना जाता है और 90 से 95 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से कम माना जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बेहद अहम है। देश में कृषि पर 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका निर्भर है और यह क्षेत्र देश के विकास में 18 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही मानसूनी बारिश देश के जलाश्यों को भरने और बिजली उत्पादन के लिहाज से भी अहम है।

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- पीएम मोदी ने रखी सिंदूर की लाज, मिल रहा है आशीर्वाद

**मुंगेर (एजेंसी)।** जदयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सिंदूर की लाज रख ली है और यही सिंदूर पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद की तरह काम कर रहा है। मुंगेर के एक दिवसीय दौरे पर हवेली खड़गपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री और मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भारत-पाक के बीच युद्ध पर कहा कि हमें हमारी सेना पर गर्व है। पहलगाम में आतंकियों ने भारतीय पर्यटकों को मारा तो इसके जवाब में सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में रह रहे आतंकी संगठन को खत्म करने की कोशिश की। अगर पाकिस्तान हमारे नागरिकों, सैन्य संस्थानों या अन्य पर हमला करता है तो सेना उचित समय पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सैकड़ों आतंकवादियों को मार गिराया है।



देश के सिंदूर की लाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी है और यही सिंदूर प्रधानमंत्री मोदी के लिए आशीर्वाद की तरह काम कर रहा है और भारतीय सेना सफलता प्राप्त कर रही है।बता दें कि भारत पाकिस्तान युद्ध के बीच बिहार पुलिस मुख्यालय ने आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष एडवायजरी जारी की है और इसको लेकर मुंगेर पुलिस भी काफी मुस्तैद है। मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद ने जानकारी देते हुए बताया कि जो वर्तमान स्थिति उत्पन्न हुई है उसको लेकर मुंगेर पुलिस हाय अलर्ट पर है।एडवायजरी मुख्यालय के द्वारा जारी हुआ है उसमें जो वाइटल इन्स्टॉलेशन जैसे- आईटीसी रेल के साथ साथ जिले में अन्य महत्वपूर्ण स्थानों में उसमें पुलिस के वरीय पदाधिकारी जाकर पता करेंगे कि वहां सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं या और कैसे बढ़ाये जा सकते हैं। मुंगेर पुलिस वृहत पैमाने में सड़कों पर अपनी उपस्थिति बनाए रखी है।होटलों और लॉजों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। खास कर सोशल मीडिया पर विशेष सेल नजर रख रही है। अगर कोई सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक चीज प्रसारित की जाती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मुंगेर की जनता से अपील करते हुए कहा कि भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और न ही ऐसे भ्रामक खबरों को फैलाएं। अगर आपको किसी प्रकार सूचना मिलती है तो तुरंत आप पुलिस से संपर्क कर उसे बताएं। वहीं साथ में आरपीएफ ने जमालपुर, मुंगेर, बरियारपुर स्टेशनों में सर्च अभियान चलाया है।

# एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट आई तो पाकिस्तान के पास नहीं बचेगी फूटी कौड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का इरादा इस बार हर तरीके से पाकिस्तान को तोड़कर रखने का है ताकि वह फिर से आतंकवाद की फैक्टरी न चल सके। पाकिस्तान को आर्थिक रूप से तोड़ने के लिए भारत ने अब फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की है। भारत का तर्क है कि पाकिस्तान उसे मिलने वाली अंतराष्ट्रीय मदद का इस्तेमाल आतंकवाद को पालने-पोसने में करता है। अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से हटाया गया था।

एफएटीएफ एक अंतर-सरकारी निकाय है जो 1989 में स्थापित किया गया था और वैश्विक वित्तीय प्रणाली की सुरक्षा के लिए नीतियां और मानक निर्धारित करता है। एफएटीएफ सूची मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण और अन्य वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए देशों की स्थिति को दर्शाती हैं।एफएटीएफ लगातार निगरानी करता है कि अपराधी और आतंकवादी किस तरह से धन जुटाते हैं, उसका इस्तेमाल करते हैं और उसे इधर-उधर ले जाते हैं। एफएटीएफ नियमित रूप से ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित करता है जो नवीनतम मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्तपोषण तकनीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं ताकि देश और निजी क्षेत्र इन जोखिमों को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकें।

### पाक को होगा बड़ा नुकसान

अगर भारत फिर से पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में वापस शुमार करने में कामयाब हो जाता है तो उस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक निगरानी और प्रतिबंध और बढ़ सकते हैं। इससे उसके लिए विदेशी निवेश और पूंजी प्रवाह पर असर पड़ेगा। अगर पाकिस्तान का नाम फिर से ग्रे सूची में शामिल हो जाता है तो इससे उसे बहुत नुकसान होगा। इसे पाकिस्तान पर आर्थिक संकट गहराएगा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा गिरेगी और वित्तीय लेनदेन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

### एफएटीएफ की दो सूचियां हैं ब्लैक और ग्रे लिस्ट

ब्लैक लिस्ट में उन देशों को शामिल किया जाता है, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण को रोकने के लिए एफएटीएफ के नियमों का पालन ही नहीं करते। इस लिस्ट में शामिल देश पर बहुत कड़े अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रतिबंध लगाए जाते हैं। ग्रे सूची में वे देश शामिल होते हैं जिनमें मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण को रोकने में कुछ कमियां हैं, लेकिन वे सुधार के लिए एफएटीएफ के साथ सहयोग कर रहे हैं। इन देशों को अपनी वित्तीय प्रणाली में सुधार करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना दी जाती है।

### ये देश हैं ग्रे लिस्ट में



एफएटीएम की ग्रे सूची में फिलहाल अलजीरिया, अंगोला, बुल्गारिया, बुर्किना फासो, कैमरून, कोटे डी आइवर, क्रोएशिया,कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, हैती, केन्या, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, लेबनान, माली, मोनाको, मोज़ाम्बिक, नामिबिया, नेपाल, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण सूडान, सीरिया, तंजानिया, वेनेजुएला, वियतनाम और यमन शामिल हैं।



# बाथ टब में नहाओ

**जब बच्चे बाथ टब में नहाते हैं तो सभी को अच्छा लगता है। आप भी अपने बच्चों को बाथ टब में नहलाइये फिर देखिए कितना आनंद आता है।**

बच्चों को अगर पानी मिल जाए तो बात ही क्या है। ऐसा कोई बच्चा नहीं होता जिसे पानी में छई-छप-छई करना अच्छा नहीं लगता। समय के अभाव में हम सभी को रोज-रोज बच्चों को वॉटर पार्क ले जाने का भी समय नहीं निकलता। ऐसे में बच्चों के फेवरेट कार्टून कैरेक्टर में अगर पानी के बड़े-बड़े टब मिल जाएं तो क्या कहने। इससे खेलने का खेलना भी हो जाता है और बाहर भी नहीं निकलना पड़ता। यह बाथिंग टब आपको कहीं भी मिल जाएंगे। इन दिनों बच्चों के रंगीन बाथिंग टब को आप सड़क किनारे कहीं भी देख सकते हैं। इन रंगीन टब को देखते ही बच्चों के चेहरे खिल जाते हैं।

## बाथ टब के फायदे

बाथ टब में नहाने से एक तो बच्चों को पानी में छपा-छई करने का मौका मिलता है वहीं दूसरी ओर अपने फेवरेट कार्टून केरेक्टर के साथ खेलने का भी। एक तरह से यह मिनी स्विमिंग पुल होता है। बाथ टब में नहाकर छोटे बच्चे घर में ही वॉटरपार्क का लुत्फ उठा सकते हैं। बाजार में आपको बाथ टब 400 रुपए के शुरुआती दाम से 1500 रुपए तक की कीमत में आसानी से मिल जाएगा। घर में यह टब होने से आपके बच्चे मनभर कर पानी खेल सकते हैं। इन टब को आप अपने घर के स्पेस के अनुसार खरीद सकते हैं। साथ ही फोल्डेबल होने पर इन्हें आप उठा कर रख भी सकते हैं।

## क्या आप जानते हैं?

मधुमक्खी के एक छत्ते में 20,000 से 80,000 तक मधुमक्खियां हो सकती हैं।

चंदबरदाई को हिन्दी का पहला कवि और उनकी रचना पृथ्वीराज रासो को हिन्दी की पहली रचना होने का गौरव प्राप्त है।

दुनिया में चीनी का वार्षिक उत्पादन 13.4 मीट्रिक टन होता है जब कि नमक का 21 करोड़ टन, यानी चीनी से डेढ़ गुना ज्यादा।

नील नदी की लंबाई (650 किलोमीटर) पृथ्वी की त्रिज्या (6400 किलोमीटर) से भी अधिक है। अभी नए अनुसंधानों से पता लगा है कि आमेजन इससे भी ज्यादा लंबी नदी है।

भारतीय मसालों के लोकप्रिय निर्माता और निर्यातक प्रतिष्ठान एमडीएच का पूरा नाम महाशियां दी हट्टी है।

संयुक्त अरब अमीरात की जनसंख्या में प्रवासी नागरिकों का प्रतिशत 85 है, जिनमें 40 प्रतिशत लोग भारतीय हैं।

कर्नाटक के हरिहर नगर स्थित हरिहरेश्वर मंदिर की प्रतिमा आधी विष्णु और आधी शिव के रूप में हैं।

## तेनाली राम के किस्से

# जासूस सेवक

**राजा** कृष्णदेव की सेना ने कई राज्यों को अपने अधीन कर लिया था। उनके वर्चस्व से घबराकर बीजापुर के सुल्तान ने अपने एक सेवक को जासूस बनाकर विजयनगर भेजा। उस जासूस की योजना थी कि राजमहल में ही राजा की हत्या कर दी जाए। इसके लिए ब्राह्मण का भेष धरा। राजमहल में दरबार लगा था। तिलकधारी ब्राह्मण धारा-प्रवाह संस्कृत के श्लोकों से सभी को प्रभावित कर रहा था। कृष्णदेव तो इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने ब्राह्मण को अपने महल में ही ठहरने का स्थान दे दिया। तेनाली को यह सब उचित नहीं लगा। वे उस समय तो कुछ नहीं बोला मगर उस ब्राह्मण पर नजर रखने लगा। कुछ ही दिनों में तेनाली को ऐसा संकेत मिल गया कि वह ब्राह्मण राजा के विषय में व्यक्तिगत जानकारियां ले रहा है। तेनाली ने राजा को सचेत किया। एक बार ब्राह्मण की अनुपस्थिति में उसके कमरे की सफाई करते समय तेनाली भी वहां मौजूद था। उसने देखा और पूरा विश्वास हो गया कि यह ब्राह्मण के भेष में कोई जासूस है। तेनाली ने राजा से कहा-महाराज! ब्राह्मण, ब्राह्मण नहीं है।' राजा ने पूछा- 'क्या मतलब?' 'यही कि महाराज यह कोई अन्य धर्म का मानने वाला है। यह आपसे छल कर रहा है,' तेनाली बोला। 'यदि तुम यह सिद्ध कर दो तो तुम्हें पुरस्कार मिलेगा', राजा ने कहा। उसी दिन तेनाली और राजा ने रात के समय उस ब्राह्मण के कमरे में प्रवेश किया। एक सैनिक भी उनके साथ था जिसके हाथ में गरम पानी की बाल्टी थी। तेनाली के आदेश पर सैनिक ने गरम पानी की बाल्टी को ब्राह्मण पर उड़ेल दिया। वह लगा उछलने और 'अल्लाह-अल्लाह' चिल्लाने लगा। राजा समझ गए यह बीजापुर के सुल्तान का जासूस है जो भेष बदलकर यहां छिपा हुआ था। राजा को देखते ही जासूस ने उन पर वार किया जिसे राजा के सैनिक ने अपनी तलवार पर रोक लिया। राजा ने एक ही वार से जासूस का वध कर दिया। अगली प्रातः पूरे नगर में चर्चा थी कि तेनाली के कारण राजा की जान बच गयी।



# मिक्की और डोनाल्ड सिखाएंगे अंग्रेजी

डिजनी के फेमस कार्टून कैरेक्टर मिक्की माउस और डोनाल्ड डक अब सिर्फ बच्चों का मनोरंजन ही नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें शिक्षा भी देंगे। मिक्की माउस और डोनाल्ड डक को चीन के बच्चों को अंग्रेजी सीखाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। फेवरेट कार्टून कैरेक्टर के जरिए हर साल तकरीबन डेढ़ लाख बच्चों को अंग्रेजी सिखाने का लक्ष्य रखा गया है। डिजनी पब्लिशिंग वर्ल्डवाइड के रसेल हैम्पटन ने बताया कि कार्टून कैरेक्टर से अंग्रेजी सिखाने का फंडा काफी लाभदायक साबित हो रहा है। दुनिया भर में चीन में सबसे अधिक अंग्रेजी शिक्षण के प्राइवेट सेक्टर खुल रहे हैं। इसलिए प्रारंभिक तौर पर चीन के बच्चों को कार्टून कैरेक्टर के माध्यम से अंग्रेजी सिखाने का प्रोजक्ट शुरू किया गया है। अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चों को इसका ज्ञान देना पैरेंट्स के लिए जरूरी हो गया। आमतौर पर अंग्रेजी के ट्यूशन पर काफी खर्चा आता है और इसके साथ ही बच्चों को घर से बाहर भी जाना पड़ता है, लेकिन अब कार्टून कैरेक्टर के जरिए बच्चे बिना किसी खर्च के घर बैठे अंग्रेजी सीख पाएंगे। इससे बच्चों और उनके पैरेंट्स दोनों को काफी सहूलियत होगी।



# इन बातों का रखो ध्यान

**तुम** किसी के भी घर जाते हो तो सबसे पहले वहां के लोग तुम्हारी एक्टिविटीज से तुम्हारे बेसिक मैनर्स को समझ जाते हैं। तभी तो कई लोगों को तुमने कहते सुना होगा कि वह बच्चा कितना समझदार है, उसके पेरेंट्स ने उसे कितने अच्छे मैनर्स सिखाएं हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तुम्हें भी सभी बेसिक मैनर्स आएं, जिससे सब तुम्हारी और तुम्हारे मम्मी-पापा की तारीफ करें। तो कहीं भी जाओ, इन बातों का ध्यान रखो-

अगर किसी के कमरे का दरवाजा बंद है तो पहले दरवाजे पर नॉक करो और जवाब आने का इंतजार करो, फिर ही कमरे में घुसो।

अगर तुम्हें किसी से कुछ लेना है तो पहले सामने वाले से पूछो। खुद से उस वस्तु को मत उठा लो। हां, उसे वह चीज वापस करने का वादा भी करो। इस बात का भी ध्यान रखना कि टाइम पर चीज को वापस कर दो।

किसी की परमिशन के बिना उसकी पर्सनल चीजों को मत छेड़ो या खोलकर देखो। ये बहुत ही बुरी आदत मानी जाती है।

किसी की डायरी या खत मत पढ़ो।

घर की बातों को घर में ही रखो। अगर मम्मी-पापा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई है या घर का बिजनेस ठीक नहीं चल रहा है या आपका भाई पढ़ने में अच्छा नहीं है, इस तरह की बातों को दूसरे के सामने मत बोलो।

सबसे जरूरी है कि अपना काम खुद ही करो। बाथरूम, टॉयलेट, किचन और टीवी रूम से निकलने से पहले उसे पहले की तरह साफ करके निकलो। पूरे घर में जूठे बर्तन मत फैलाओ। अपनी भीगी तौलिया खुद धूप में डालो।

पब्लिक प्लेस पर किसी का मजाक मत उड़ाओ। इससे सामने वाले को बहुत दुख होता है। मजाक उड़ाने से पहले ये जरूर सोचो कि अगर कोई तुम्हारा मजाक बनाएगा तो तुम्हें कैसा लगेगा।

# कृत्रिम पत्ती बनाएगी बिजली

मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों के दल ने सिलिकॉन, इलेक्ट्रॉनिक्स, निकल और कोबाल्ट जैसे विभिन्न उत्प्रेरकों की सहायता से एक ऐसी कृत्रिम पत्ती का निर्माण किया है, जो सूरज की रोशनी और पानी से ऊर्जा पैदा करती है।

दरअसल, यह पत्ती सूरज की रोशनी का इस्तेमाल करके पानी को उसके घटकों हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ देती है, जिनका इस्तेमाल बिजली पैदा करने में किया जा सकता है। इन पत्तियों की सहायता से भारत जैसे विकासशील देश में एक घर की प्राथमिकता जरूरत भर की बिजली पैदा की जा सकती है।

## जरूरत की बिजली

इस दल का लक्ष्य अब कम से कम कीमत वाला एक ऐसा उपकरण बनाने का है, जिसे कोई भी अपने घर की छत पर या आसपास लगाकर प्राथमिक जरूरत की बिजली प्राप्त कर सके। जापान में सुनामी आने के बाद जिस तरह परमाणु विकिरण फैला, उससे सभी देशों में परमाणु संयंत्रों के खतरे को लेकर चीख पुकार मची हुई है और जर्मनी जैसे देशों ने तो परमाणु संयंत्रों की स्थापना को लेकर अपने कान पकड़ लिए है। इस पृष्ठभूमि में नई खोज एक वरदान की तरह सामने आई है।

## खतरा भी ज्यादा

कोयले के भंडारों के कम होने और जल विद्युत के उत्पादन से होने वाले नुकसान, बल्कि पर्यावरणीय खतरे को ध्यान में रखते हुए दुनिया परमाणु ऊर्जा के विकल्प की ओर गई है, जो अपेक्षा स्वच्छ मानी जाती है, लेकिन इसका खतरा सभी तरह से ऊर्जा के मुकाबले कहीं ज्यादा है। ऐसे में सौर ऊर्जा ओर पवन ऊर्जा जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों पर दुनिया भर में ध्यान दिया जा रहा है।

## बदल जाएगी किस्मत

कृत्रिम पत्ती के जरिए इस तरह वैकल्पिक ऊर्जा तैयार करने से दुनिया की किस्मत बदल जाएगी और तेज गति से आर्थिक विकास कर रहे भारत और चीन को तो सुदूर बसे अपने गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से खास फायदा होगा। तब गांव-कस्बे के हर घर का अपना पावर-हाउस होगा। आकाश में बिजली के तड़कने से ही इतनी बिजली पैदा होती है कि दुनिया को उसका संरक्षण करना आ जाए तो वर्षों तक बिजली की कमी नहीं रहेगी।



# पुष्पा इम्पॉसिबल में आएंगे नजर गौरव चोपड़ा

अभिनेता गौरव चोपड़ा पांच साल के ब्रेक के बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता सोनी सब चैनल के पुष्पा इम्पॉसिबल में एक वकील के किरदार में नजर आएंगे। शो में उनका नाम राजवीर शास्त्री है, जो तेज और दमदार वकील है। शो में राजवीर शास्त्री की एंट्री के साथ कहानी एक नया और मनोरंजक मोड़ लेगी। अपनी शानदार अदालती दलीलों के लिए प्रसिद्ध राजवीर का सफल करियर एक केस में फंसकर बर्बाद हो जाता है, जिसका असर उसकी निजी जिंदगी को भी तहस-नहस कर देता है। यही नहीं, उसकी पत्नी और बेटी के साथ भी उसका रिश्ता खराब हो जाता है। धोखे और पछतावे से ग्रस्त वह अपने दुख और गुस्से को छिपाने के लिए शराब पीने लगता है और जो उसकी आदत हो गई है। उसका विश्वास लोगों पर से खत्म हो जाता है। हालांकि, जब पुष्पा उसकी जिंदगी में आती है तो सब कुछ बदलने लगता है। पुष्पा की एनर्जी और नजरिए से उसे नया रास्ता मिलता है। शो में अपनी भूमिका के बारे में गौरव ने बताया, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे राजवीर का व्यवहार आकर्षक लगा। वह प्रतिभाशाली है, मगर अंदर से टूटा हुआ इंसान है। हालांकि, उसकी जिंदगी का सफर दर्द से भरा हुआ है। गौरव ने आगे कहा, एक अभिनेता के रूप में मैं उन भूमिकाओं के लिए जीता हूं, जो मुझे चुनौती देती हैं और नए रास्ते तलाशती हैं। राजवीर शास्त्री के किरदार में वह सब है। अभिनेता ने बताया कि शो में उनके को-एक्टर्स भी कमाल हैं। करुणा पांडे के साथ काम करने का अनुभव आपमें सकारात्मकता जोड़ता है। वह पुष्पा में शानदार तरीके से अभिनय करती हैं। उनकी एनर्जी हर सीन को बेहतरीन बनाती है। अभिनेता ने शो के लिए निर्माताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा, इस तरह की मजबूत भूमिका के लिए मैं निर्माताओं का आभारी हूं और दर्शकों के सामने आने के लिए उत्साहित हूं। 'पुष्पा इम्पॉसिबल' सोमवार से शनिवार रात 9 बजे सोनी सब चैनल पर प्रसारित होगा।



# एक्टिंग छोड़ सकती हैं 'बिग बॉस 17' फेम अभिनेत्री सोनिया बंसल

**'बिग बॉस 17' से मशहूर होने वाली अभिनेत्री सोनिया बंसल अब एक्टिंग छोड़ सकती हैं। अभिनेत्री ने अब तक पांच फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री के पास काम और पैसा तो है, लेकिन वह अपने जीवन में शांति की कमी का अनुभव कर रही हैं। अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि वह एक लाइफ कोच बनना चाहती हैं।**

## जीवन में शांति की कमी

अभिनेत्री ने हाल ही में बातचीत में साझा किया कि उनके पास सब-कुछ होने के बाद भी जीवन में शांति की कमी है। उन्होंने कहा, 'हम दूसरों के लिए सब कुछ करने में इतने व्यस्त हैं कि हम खुद को भूल जाते हैं। मुझे एहसास हुआ कि मैं अब यह भी नहीं जानती कि मेरा असली उद्देश्य क्या है। परफेक्ट बनने, प्रासंगिक बने रहने और ज्यादा कमाने की इस दौड़ में, मैंने खुद को खो दिया।'

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'पैसा, शोहरत, लोकप्रियता सब कुछ मेरे पास था। जो मेरे पास नहीं था वह थी शांति। और अगर आप शांति में नहीं हैं तो आप पैसे का क्या करेंगे? आपके पास बाहरी रूप से सब कुछ हो सकता है, लेकिन अगर आप अंदर से खाली हैं, तो यह बहुत ही अंधकारमय जगह है।'

## लाइफ कोच बनना चाहती हैं अभिनेत्री

सोनिया ने यह भी साझा किया कि वह अब एक स्पिरिचुअल हीलर और लाइफ कोच बनना चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं गहराई से अध्ययन करना चाहती हूं कि मैं वास्तव में जीवन में क्या चाहती हूं? इस इंडस्ट्री ने मुझे पहचान तो दी, लेकिन इसने मुझे शांति नहीं दी। इसने मुझे सांस लेने नहीं दिया। मैं अब और दिखावा नहीं करना चाहती। मैं अपने लिए, अपने आप में जीना चाहती हूं और एक लाइफ कोच और स्पिरिचुअल हीलर बनना चाहती हूं।' सोनिया ने आगे कहा, 'आप कभी नहीं जानते कि आपका जीवन कब बदल जाएगा? आप कभी नहीं जानते कि मौत कब दस्तक दे सकती है? और अगर हमने तब तक सच्चाई से जीवन नहीं जिया है, तो इस पूरे सफर का क्या मतलब है?'

## कौन हैं सोनिया बंसल?

सोनिया बंसल 'बिग बॉस 17' के घर से बेदखल होने वाली पहली प्रतियोगी थीं। साल 2019 में उन्होंने फिल्म 'नॉटी गैंग' से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद वह 'डुबकी', 'गेम सौ करोड़ का', 'शूरवीर' और 'धीरा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह 'यह बॉस' की शूटिंग कर रही हैं, जो इंडस्ट्री छोड़ने से पहले उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है।



# छह साल बाद ओटीटी वेब सीरीज देविका एंड डैनी में नजर आएंगी कोवई सरला

लोकप्रिय कॉमेडियन कोवई सरला अब जल्द ही छह सालों बाद ओटीटी में लौटने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही देविका एंड डैनी में नजर आएंगी, जिससे उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ रही है। तमिल सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री कोवई सरला, जो तेलुगु फिल्मों में अपनी हास्य भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, वह अब पूरे छह सालों बाद टॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। वह जल्द ही ओटीटी वेब सीरीज देविका एंड डैनी में अपनी शानादार कॉमोडी से दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार हैं।


## देविका एंड डैनी से करेंगी वापसी

देविका एंड डैनी एक आगामी वेब सीरीज है। देविका एंड डैनी में कोवई सरला और रितु वर्मा महत्वपूर्ण भूमिकाओं में साथ नजर आएंगी। इस सीरीज में शिवा कंडुकुरी और सूर्य वशिष्ठ भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। हाल ही में इसका पहला पोस्टर जारी हुआ। कोवई सरला की कॉमेडियन ब्रह्मानंदम के साथ जोड़ी को तेलुगु दर्शकों ने खूब पसंद किया है। दोनों ने अक्सर एक जोड़े की भूमिका निभाकर दर्शकों को हंसाया है। फैंस को पूरी उम्मीद है कि कोवई सरला इस वेब सीरीज के साथ शानदार वापसी करेंगी।

# करण जौहर ने सुहाना खान को लेकर किया दिलचस्प खुलासा

फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर हमेशा से ही नए टैलेंट को अपनी फिल्मों में मौका देते आए हैं, लेकिन इस बात करण अपनी फिल्म की एक्ट्रेस को लेकर नहीं बल्कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के टैलेंट की तारीफ करते नजर आए। बातों ही बातों में करण ने फिल्म किंग से एक खास बात से भी पर्दा उठा दिया।

## करण ने की सुहाना की तारीफ



खबर के मुताबिक, करण जौहर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुहाना खान की तारीफ की, जो जल्द ही फिल्म किंग से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं। करण ने राज शमनी के पॉडकास्ट में कहा कि सुहाना बहुत प्रतिभाशाली हैं और उनका अभिनय देखने लायक होगा। उन्होंने सुहाना की फिल्में देखी हैं और उनके काम से प्रभावित हैं। करण ने यह भी कहा कि उनकी तारीफ खान परिवार से रिश्ते की वजह से नहीं, बल्कि सुहाना की मेहनत और प्रतिभा के कारण है।

## फिल्म किंग को लेकर किया खुलासा

करण का मानना है कि सुहाना की असली प्रतिभा किंग में सबके सामने आएगी। फिल्म किंग का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिसमें सुहाना के साथ उनके पिता शाहरुख खान और अभिषेक बच्चन भी नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहरुख एक डॉन की भूमिका में होंगे, जो सुहाना का गुरु बनेगा। सुहाना इससे पहले नेटफ्लिक्स की फिल्म द आर्चीज में नजर आ चुकी हैं, जो एक म्यूजिकल फिल्म थी।



# दोस्ताना 2 से निकाले गए कार्तिक आर्यन

**धर्मा प्रोडक्शंस की दोस्ताना 2 से कार्तिक आर्यन बाहर हो चुके हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच हुए मतभेद से बंद हुई फिल्म दोस्ताना 2 एक बार फिर बनने की तैयारी में है, लेकिन कार्तिक अब फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक आर्यन ने अब धर्मा की फिल्म नागजिला में काम करना शुरू कर दिया है, लेकिन वो दोस्ताना से निकाल दिए गए हैं। अब फिल्म उनकी जगह एक्टर विक्रांत मैसी का नाम सामने आ रहा है। वहीं लक्ष्य अब भी फिल्म का हिस्सा हैं।**

एक सूत्र के मुताबिक, जब फिल्म को फिर से शुरू करने की बात हुई, तो लक्ष्य को बनाए रखना तय था। दोस्ताना जैसी फिल्म में दो मेल एक्टर्स की केमिस्ट्री बहुत जरूरी होती है। विक्रांत इस रोल में बिल्कुल फिट बैठते हैं। बताया जा रहा है कि विक्रांत डॉन 3 में भी नजर आ सकते हैं। फिलहाल इसको लेकर धर्मा प्रोडक्शन की ओर से कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।

## फिल्म की घोषणा साल 2019 में हुई थी

गौरतलब है कि फिल्म की घोषणा साल 2019 में हुई थी। उस समय फिल्म में कार्तिक आर्यन, जान्हवी कपूर और लक्ष्य को लिया गया था। शूटिंग शुरू भी हो गई थी, लेकिन 21 दिन बाद कार्तिक और करण जौहर के बीच मतभेद हो गए। धर्मा ने इसे क्रिएटिव डिफरेंसेज बताया और फिल्म बंद कर दी गई।





# हीरोइन आवाज उठाती है तो कहते हैं नखरे कर रही

**मंजरी फडनिस इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड की होने के बावजूद टीवी, ओटीटी, नाटक और फिल्मों जैसे हर माध्यम में काम कर चुकी हैं। जाने तू या जाने ना जैसे फिल्म से रातों-रात लोकप्रिय हुई मंजरी को इंडस्ट्री में लंबा इंतजार और संघर्ष करना पड़ा है। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म पुणे हाइवे से। एनबीटी के ऑफिस आईं मंजरी ने की हमसे ढेर सारी बातें।**

मंजरी मानती हैं कि उनके 20 साल के करियर का संपूर्ण दौर उनके लिए संघर्ष भरा रहा है। वे कहती हैं, मैंने रोज कुआं खोदा और रोज पानी पिया है। खास तौर पर जब आप इस इंडस्ट्री से नहीं आते, तो आपके लिए कोई मशीनरी काम नहीं कर रही होती, तब आप कहीं उपेक्षित हो जाते हैं। मेरी पहली फिल्म जाने तू या जाने ना बहुत बड़ी हिट हुई थी। उस साल मुझे अपनी पहली फिल्म के लिए काफी अवॉर्ड्स मिले थे। सभी मेरी तारीफ़ कर रहे थे, मगर किसी भी निर्देशक ने उसके बाद मुझे ऐसा कोई दमदार रोल नहीं दिया। मैं भी हीरो की फ्रेंड या सेकंड लीड जैसे सपोर्टिंग रोल में टाइपकास्ट नहीं होना चाहती थी। मैं अच्छे किरदारों का इंतजार कर रही थी, जो कभी मेरे पास आए ही नहीं। इस दौरान मैंने कई फिल्मों में काम किया, मगर वो उतनी बड़ी नहीं थी। मेरी मानसिक स्ट्रगल मेरी काफी लंबी चली।

## मर्द कई बार पावर का गलत इस्तेमाल करते हैं

मंजरी फड़नीस उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो लगातार हर माध्यम में महिला प्रधान भूमिकाओं को मजबूती प्रदान करती गई हैं। महिला मुद्दों पर वे कहती हैं, महिलाओं को लेकर दुनिया भर में कई मुद्दे हैं, मगर जब कोई मर्द पावर में होते हैं, तो कई बार वे अपनी पावर का गलत इस्तेमाल करना चाहते हैं। यह बहुत ही दुर्भायपूर्ण है, मगर कई बार ऐसा होता है। इससे हम सभी को डील करना पड़ता है। कई ऐसे हैं, जिनके पास अकूत ताकत है, वे मेरी योग्यता के बलबूते पर मेरा भाग्य बदल सकते हैं, मगर वे गलत कारण चुनते हैं और मैं उन वजहों को साफ तौर पर नकार देती हूं। मैं यही नहीं कहूंगी कि मैं शिकार हूं, अगर मैं पीड़ित होती, तो हार मान चुकी होती। मैंने अपना चुनाव किया। मेरी प्रगति धीमी रही, मगर मैं यहां टिकी हुई हूं।

## इंडस्ट्री में पे पैरिटी आम बात है

पे पैरिटी इंडस्ट्री का कड़वा सच्चा है। मंजरी कहती हैं, देखिए व्यक्तिगत रूप से मुझे कभी किसी हीनता का सामना नहीं करना पड़ा है, मगर हम सभी जानते हैं कि हमारे क्षेत्र में कितनी असमानता है। जिस तरह हीरो को ट्रीट किया जाता है, हीरोइन को नहीं। जो चीज निर्माता को हीरो बोल सकता है दृढ़ता से, वो हीरोइन नहीं। हीरोइन अगर कुछ बोलेगी, तो उसके बारे में कहा जाएगा कि वो नखरे दिखा रही है, टैंट्रम्स थ्रो कर रही है। फिर आपको आगे काम नहीं मिलता, जाहिर-सी बात है इंडस्ट्री काफी छोटी है, एक बार आप पर किसी तरह का टैग लग जाता है, तो फिर आप उसमें फंस जाते हो। पे पैरिटी तो आम बात है। मुझे याद है, मैं एक प्रॉजेक्ट में 365 लगातार काम कर रही थी, पूरा प्रोजेक्ट मुझ पर आधारित था। उस फिल्म में तीन अन्य एक्टर्स थे, जिसमें से एक एक्टर का एक गाना हिट हुआ था और उसे मुझसे डबल मेहनताना मिला, जबकि उसकी शूटिंग के दिन भी काफी कम थे। वह इतना मशहूर नाम भी नहीं था, मगर उसे मुझसे दोगुने पैसे मिले।

## अच्छा रोल नहीं मिला तो इंडस्ट्री छोड़ दूंगी

आज इंडस्ट्री में डेढ़ दसाहक से भी ज्यादा का समय बिता चुकी मंजरी के करियर में एक दौर ऐसा भी आया, जब उन्होंने दो साल का ब्रेक लिया था। वे कारण बताती हैं, ये 2017 की बात है, मैं ऐसे दौर से गुजर रही थी, जहां मुझे प्रोफेशनली ऐसी भूमिकाएं मिल रही थीं, जिनसे मैं खुश नहीं थी। एक ही तरह के रोल आ रहे थे, स्वीट गर्ल, ए गर्ल नेक्स्ट डोर आदि। जिन चरित्रों में कुछ करने का मौका होता था, वे इतने छोटे बजट की होती थीं कि उनका प्रमोशन ही नहीं हो पाता था। दुर्भाग्य से में फिल्म इंडस्ट्री मेरी क्षमता को देख ही नहीं पाई थी और ये मेरे लिए अभिनेत्री के रूप में बहुत ही हताशा भरा था। हालांकि मैं मिलने वाले अवसरों में से बेस्ट चुन रही थी, इसके बावजूद मुझे सॉलिड रोल नहीं मिल रहे थे, तब मैंने पक्का मन बना लिया था कि भले मुझे इंडस्ट्री छोड़ कर जाना पड़े, मगर मैं कामचलाऊ रोल के लिए हामी नहीं भरूंगी। उस दौरान मेरी दो फिल्में आने वाली थीं, निर्दोष और बाबा ब्लैक शीप और , तो मैं इंडस्ट्री से गायब नहीं होने वाली। तब मैंने तय किया कि मैं अपने क्राफ्ट को संवारने के लिए काम करूंगी और मैंने थिएटर जॉइन किया।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: कृष्णदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# समय आने में पर मां निभा सकती है सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह का रूप : राजीव जेटली

## मां ही बच्चों में डालती है संस्कार : दीपक यादव

**विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए माताओं की महत्ता को बताने के लिए हुआ स्वर्णिम आंचल कार्यक्रम का आयोजन**






**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** यहां स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल घरौंडा में शनिवार को मदर्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे अधिकतर बच्चों की माताओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी बेहतर उपस्थिति दर्ज कर पुरस्कार प्राप्त किए। वहीं इस दौरान माताओं के साथ विद्यार्थियों के विकास और शिक्षा को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर मां की महत्ता के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। वहीं विद्यालय में दी जा रही वर्तमान सुविधाओं के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर राजीव जेटली उपस्थित रहें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने की। कार्यक्रम में छात्राओं को मोटिवेशन के लिए सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह द्वारा देश के लिए निभाने वाली भूमिका की महत्ता के बारे में बताया।

इस कड़ी में राजीव जेटली ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत करी! विद्यालय में उपस्थित माताओं, अध्यापक व विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस विद्यालय के शुभारंभ पर पहुंचे थे उस समय विद्यालय की तरफ से वादा किया गया था कि छात्राओं को निशुल्क दाखिला दिया जाएगा। जिस वादें पर आज भी विद्यालय खड़ा है। यह अपने आप में गौरव की बात है। वहीं उन्होंने मुख्य रूप से माताओं के मोटिवेशन के लिए रखें गए मदर्स डे का खुले दिल से प्रशंसा की।

इसी क्रम में विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि मां ही सबसे पहला गुरु होती है। इसलिए बच्चों की मां को उनके करियर और विकास पर ध्यान देना चाहिए । कि बच्चा क्या चाहता है? उसकी रुचि किस विषय में है? तभी वे बच्चों को सही मार्गदर्शन दे पाएंगी। बच्चों के संस्कार, विकास के लिए माता-पिता का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मां का आंचल स्वर्णिम होता है। लेकिन जब बात देश के लिए हो तो वह वहां भी सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसा रूप भी निभा सकतीं हैं।

इसी क्रम में चेयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि मां की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मां प्राथमिक गुरु के साथ बच्चे की देखभाल करती है। बच्चें के आहार से लेकर उसके स्वास्थ्य व स्वच्छता का ध्यान रखती है। वहीं विद्यालय प्रिंसिपल रेखा मलिक ने कहा कि सभी माताएं अपने बच्चों पर गहरी नज़र रखें उनको मजबूत बनाने के लिए शौर्य और बलिदान की कहानी सुनाएं। ताकि वे अपने परिवार के साथ देश का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की तरफ से मुख्य अतिथि राजीव जेटली को चेयरमैन धर्मपाल यादव ने शॉल तो सम्मी यादव ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जबकि प्रधानाचार्य रेखा मलिक ने विद्यालय में पहुंचे अतिथि व माताओं का आभार व्यक्त किया।

# न्याय दिलाने के लिए शास्त्र और शास्त्र दोनों का ही उपयोग करते थे भगवान परशुराम : प्रवीण बत्रा

## जिला बार एसो. एवं अधिवक्ताओं ने किया भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन से पूर्व ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए मां भारती पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की आत्मा शांति के लिए हवन यज्ञ भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व मंत्री विपुल गोयल, हरियाणा पंजाब बर काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा व पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा के अलावा सभी अधिवक्ताओं ने वीर शहीदों की आत्मा शांति के लिए यज्ञ में आहुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा पंजाब बर काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन पंडित ओपी शर्मा ने की। मंच का संचालन अधिवक्ता ओम दत्त शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर महापौर प्रवीण बत्रा जोशी का अधिवक्ता संतराम शर्मा, पूर्व प्रधान के पी तेवतिया, अधिवक्ता अजीत डागर, रामकरण भारद्वाज, जिला पार्षद अनिल पाराशर, सचिन पाराशर, सेवानिवृतति विंग कमांडर सत्येंद्र दुग्गल आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा के वरिष्ठ भ्राता पं. टिपर चंद शर्मा भाजपा प्रवक्ता विजय शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए



महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि भगवान परशुराम की सोच समाज के सभी वर्गों के साथ सामान्य न्याय करने की रही थी भगवान परशुराम न्याय दिलाने के लिए शास्त्र और शास्त्र दोनों का ही उपयोग करते थे। भगवान परशुराम ने जहां भगवान श्री राम को दुराचारियों का समूल नाश करने के लिए अपना धनुष दिया वहीं दानवीर कर्ण को शस्त्र विद्या दी। आज के परिदृश्य में भी भगवान परशुराम की सोच की नितांत आवश्यकता है। आज के शासको को चाहिए कि वह दुष्ट लोगों को पहले शास्त्र अनुसार समझाएं और अगर उससे बात नहीं बने तो शास्त्र से समझाएं उनका इशारा सीधा-सीधा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की ओर था। उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए हरियाणा पंजाब बार काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन ओपी शर्मा ने कहा कि हम अगर पिछले हजारों वर्ष के इतिहास पर गौर फरमाए तो ऐसा कोई भी व्यक्तित्व नजर नहीं आएगा जो की आजीवन अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे और पीड़ितों को न्याय दिलाते रहे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वह भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाई गए मार्ग का अनुसरण करें तथा जहां भी अन्य नजर आए वहां उसका सिर्फ प्रतिकार ही न करें बल्कि अन्याय करने वाले को दंड दिलाने में भी अपनी महती भूमि का अदा करें। उन्होंने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ-साथ आतंक का पर्याय बन रही लोगों पर हमला बोलते हुए कहा कि आज पाकिस्तान समूची मानव जाति के लिए एक अभिशाप बनता जा रहा है तथा उसके द्वारा पोषित किए गए आतंकवादी मासूम लोगों की हत्या कर मानवता को कलंकित कर रहे हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए कहां की इस कार्रवाई में पूरा देश सैनिकों के तथा सैनिकों की तन-मन-धन से पूरी तरह सहायता की जाए। कार्यक्रम में अधिवक्ता दिनेश भारद्वाज, बृजमोहन शर्मा,अनुज शर्मा, सर्वेश कौशिक, सुनील भारद्वाज, कृष्ण पहलवान, सत्य प्रकाश कौशिक, अशोक अरोड़ा, आत्म प्रकाश सेतिया, कंवर दलपत सिंह, एस राकेश आदि के अलावा महिला अधिवक्ताओं में खासतौर पर ललिता यादव, रंजना शर्मा, सुधा शर्मा आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

# संगठन की मजबूती के लिए मंडलों में प्रवास जरूरी : सोहन पाल सिंह

**बल्लभगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष ने एनआईटी मंडल अध्यक्षों के प्रवास पहुंचकर की मुलाकात**




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ भाजपा के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने संगठन को मजबूत करने की मुहिम के तहत एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों के निवास पर पहुंचकर उनसे और उनके परिवारजनों से स्नेहपूर्वक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एनआईटी क्षेत्र के डबुआ मंडल अध्यक्ष श्रीमती गीता शर्मा, जवाहर कॉलोनी के मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार, गौंछी मंडल अध्यक्ष प्रदीप दायमा, पाली मंडल अध्यक्ष संदीप भड़ाना निवास पर पहुंचे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता है और मजबूत संगठन के लिए कार्यकर्ताओं का एकजुट होना और आपस में समन्वय होना जरूरी है। मंडल प्रवास भी संगठन को मजबूत करने की एक सराहनीय पहल है, इसके द्वारा हम न केवल मंडल अध्यक्षों बल्कि उनके परिवारजनों व मित्रजनों से भी मिलते है, जिससे संगठन को बल मिलता है क्योंकि हर मोर्चे पर भाजपा मंडल परिवार पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते है, इस स्नेहपूर्वक मुलाकात का उद्देश्य संगठन को और गहराई से मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज मंडल प्रवास के तहत एनआईटी विधानसभा के मंडलों में प्रवास किया गया और निश्चित रुप से यह आत्मीय संवाद संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूत करेगा। सोहनपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में मंडल अध्यक्ष संगठनात्मक संरचना की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं और पार्टी सदैव इन्हें पूरा मान सम्मान देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पृथला और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मंडलों का प्रवास कार्यक्रम सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से अनुराग गर्ग, उदय तोमर मौजूद रहे।

# इमरजेंसी हालात में घायल लोगों का निशुल्क करेंगे इलाज डाक्टर्स

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टर अपने अस्पतालों में इमरजेंसी हालात के दौरान घायलों का निशुल्क इलाज करेंगे। भारत-पाक के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव को लेकर डॉक्टरों ने ये फैसला लिया है। इसको लेकर सभी ने शनिवार को डीसी विक्रम सिंह से मुलाकात की। डीसी के साथ मुलाकात करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों ने कहा कि इस हालात में वह पूरी तरह से देश के लिए खड़े है।




इमरजेंसी हालात के दौरान निजी अस्पतालों के द्वारा अपनी एम्बुलेंस सेवा भी निशुल्क में दी जाएगी। डॉक्टरों ने कहा कि जिला में सभी अस्पतालों में इस हालात से निपटने के लिए अलग से तैयारियां कर ली गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने जिले में अपने स्पेशलिस्ट डॉक्टर और अस्पतालों की लिस्ट तैयार करके प्रशासन को दे दी है।

किसी भी इमरजेंसी हालात में प्रशासन इस सूची के हिसाब से मदद के लिए बुला सकता है। निजी अस्पतालों में भी स्टाफ को छुट्टी पर जाने से मना कर दिया गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान डॉ. राजीव गुंबर ने कहा कि उनके अस्पताल देश सेवा के हमेशा तैयार है। इस समय देश से बढक़र उनके सामने कुछ नही और सभी एक साथ मिलकर इस लड़ाई का जीतेंगे। एसो. के मीडिया प्रभारी डा. सुरेश अरोड़ा ने कहा कि यह समय सभी देशवासियो को एकजुट होने का है और डाक्टर्स आपदा के इस समय पूरी तरह से देश के साथ खड़े है और अपना काम पूरी तत्परता से करेंगे और लोगों को सेवाएं देने का काम करेंगे।

**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट**
**संपर्क करें: 9811153271**







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |


# रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सैफायर्स द्वारा किया रक्तदान का आयोजन 72 लोगों ने किया रक्तदान



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सैफ़ायर्स ने अपने रोटरी ब्लड बैंक के साथ मिलकर एक रक्तदान कैंप आई एम टी फरीदाबाद में लगाया कैम्प की शुरुआत फैक्ट्री वर्कर्स , सड़क चलते हॉकर्स, डिलीवरी बॉयज़ को मोटिवेशन देने के साथ हुई और सभी का सुरक्षा पूर्ण व्यवस्थित तरीके से रक्त दान का आयोजन हुआ जिसमें ब्लड बैंक के दीपक प्रशाद, क्लब प्रधान धीरेन्द्र श्रीवास्तव, असीम लूथरा की मुख्य भूमिका रही । रोटरी सैफ़ायर्स से नरेश मलिक, विशाल जैन, दलीप वर्मा, अंजू श्रीवास्तव, ऋचा लूथरा ने पूर्ण सहयोग दिया। सबके सहयोग से 72 यूनिट्स रक्त इक्कठा हुआ। सभी डोनर्स को असीम लूथरा के पिताजी श्री भारत भूषण लूथरा जी के और से देसी घी के पैकेट्स बाँटे गए जिनका बहुत योगदान रहा।